**DEPARTMENT OF MIDDLE EASTERN,SOUTH ASIAN, AND AFRICAN STUDIES**
**COLUMBIA UNIVERSITY**

# HINDI READER

## For Intermediate Hindi-Urdu

## लघु कथाएँ

**Dr. Aftab Ahmad**
**Spring semester**

This reader contains Hindi and Urdu laghu kathāen/ afsānche/muḳhtaṣar afsāne in Devānagārī script. They are based on themes like child labor, women issues, corruption and communal riots. It also contains a couple of humorous stories.

# TABLE OF CONTENTS


| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | **बाल-मज़दूरी / बच्चा मज़दूरी** | **Child Labor** | **4-13** |
| | 1. सर्व | 1. Serve | 4-5 |
| | 2. लाल बत्ती का खेल | 2. Play of Red Light Signal | 6-7 |
| | 3. विनती | 3. Request | 8-9 |
| | 4. होमवर्क | 4. Homework | 10-11 |
| | 5. अंतहीन सिलसिला | 5. Infinite Process | 12-13 |
| 2 | **महिलाओं से सम्बंधित** | **Women and Flash Fiction** | **14-25** |
| | 1. खरोंच | 1. Scratches | 14-15 |
| | 2. पाबंदी | 2. Restrictions | 16-18 |
| | 3. दूध | 3. Milk | 19-20 |
| | 4. मर्द | 4. Man | 21-22 |
| | 5. मानसिकता | 5. Mentality | 23-24 |
| | 6. भरोसा | 6. Trust | 25 |
| 3 | **भ्रष्टाचार असमानता व असंवेदनशीलता** | **Corruption, Inequality and Insensitivity** | **26- 43** |
| | 1. अब छुट्टी नहीं चाहिये | 1. I Don't Need A Break Now | 26-27 |
| | 2. कवरेज | 2. Coverage | 28-29 |
| | 3. योग्यता | 3. Ability | 30-31 |
| | 4. शर्म | 4. Shame | 32 |
| | 5. सुरक्षित भविष्य का फ़ार्मूला /फ़ारमूला | 5. Formula of Safe Future | 33 |
| | 6. धर्म | 6. Religion | 34 |
| | 7. 73 करोड़ का हवाई जहाज़ | 7. An Airplane Worth 73 Crore | 35-36 |
| | 8. जनलोकपाल बिल | 8. Jan Lokpal Bill | 37-38 |
| | 9. जय हो अन्ना ! | 9. Long Live Anna! | 39-41 |
| | 10. दाँव | 10. Trick | 42-43 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | **हास्य व व्यंग** | **Humor and Satire** | **44-53** |
| | 1. दुखद अंत | 1. Bad Ending | 44-45 |
| | 2. चोरी | 2. Theft | 46-47 |
| | 3. बुद्धजीवी कुत्ता | 3. Intellectual Dog | 48-49 |
| | 4. मिर्ज़ा ग़ालिब | 4. Mirza Ghalib | 50-51 |
| 5 | **सआदत हसन मंटो** | **Saadat Hasan Manto** | **52- 77** |
| | 1. विनम्रता | 1. Modesty/humility | 53 |
| | 2. घाटे का सौदा | 2. Bargain in Loss | 54 |
| | 3. सफ़ाई पसंद | 3. Clean-lovers | 55 |
| | 4. हलाल और झटका | 4. Halal and Jhatka | 56 |
| | 5. रियायत 6. आराम की ज़रूरत | 5. Concession 6. Need to Rest | 57 |
| | 7. हमेशा की छुट्टी | 7. Break Forever | 58 |
| | 8. उलाहना 9. दावत-ए-अमल | 8. Complaint 9. Invitation | 59 |
| | 10. क़िस्मत 11. आँखों पर चर्बी | 10. Fate 11. Fat on Eyes | 60 |
| | 12. ख़बरदार 13. सॉरी | 12. Warning 13. Sorry ! | 61 |
| | 14. करामात | 14. Miracles | 62-63 |
| | 15. निगरानी में | 15. In Supervison | 64 |
| | 16. जेली | 16. Jelly | 65-66 |
| | 17. सुधार | 17. Reform | 67-68 |
| | 18. उचित कारवाई | 18. Appropriate Action | 69-70 |
| | 19. पठानिस्तान | 19. Pathanistan (Pathan's homeland) | 71 |
| | 20. बेख़बरी का फ़ायदा | 20. Adavantage of Ignorance | 72-73 |
| | 21. हैवानियत | 21. Bestiality | 74-75 |
| | 22. साम्यवाद | 22. Socialsm | 76 |
| | 23. खाद | 23. Manure | 77 |

हिंदी लघु कथा

बाल-मज़दूरी / बच्चा मज़दूरी

# सर्व

वंशीलाल परमार






(1) http://kmhouseindia.blogspot.com/2012/10/sarva-shiksha-abhiyan.html
(2) http://news.bbc.co.uk/2/hi/uk_news/in_pictures/3290429.stm

"सर्व शिक्षा अभियान" की मीटिंग चल रही थी। अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, शिक्षाविद सभी विमर्श कर रहे थे। उनका सुझाव था कि 6 से 14 वर्ष की उम्र का हर बच्चा स्कूल जाए। कोई बच्चा भी न छूटे। आदेश और उपदेश दिए जा रहे थे । काम में ढिलाई-ढिटाई क़तई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कार्यक्रमों की रूपरेखाएँ समझाई जा रही थीं। जानकारियाँ दी जा रही थीं। बुझे-बुझे से शिक्षकों के हाथों में ज्ञान की मशालें दी जा रही थीं।

कार्यक्रम में जलपान का भी इंतज़ाम था। इससे हर वर्ग में उत्साह पैदा हो गया था। एक बच्चा समोसे की ट्रे और दूसरा बच्चा चाय के गिलास लिए मीटिंग हाल में दाख़िल हुए। उनकी उम्र 14 वर्ष से कम थी। समोसे के स्वाद और चाय की चुस्कियों में मग्न सब लोग अभियान के बाक़ी विन्दुओं पर विचार कर रहे थे। मुझे ये बच्चे प्रश्नचिन्ह से लग रहे थे जो सर झुकाए जलपान 'सर्व' कर रहे थे। **(हंस- नवंबर 2011)**






(1) http://www.aserf.org.in/events.html ; (2) http://chadhaanamika.files.wordpress.com/2013/03/image31.jpg

# सर्व

| | | | |
|---|---|---|---|
| सर्व adj. | all; for all | जानकारी f. | information |
| शिक्षा f. | education | बुझे-बुझे- adj. | dampened (in spirit), depressed |
| अभियान m. | campaign | ज्ञान m. | knowledge |
| सर्व शिक्षा अभियान | education for all campaign | मशालें f.pl. | torches |
| अधिकारी f.m | officer/official | जलपान m. | snacks, refreshments |
| कर्मचारी m/f. | worker | इंतज़ाम m. | arrangement |
| शिक्षक m. | teacher | वर्ग m. | class |
| शिक्षाविद m/f. | educationist | उत्साह m. | enthusiasm |
| विमर्श करना | consider, discuss, debate | पैदा होना intr.v. | to be born/generated |
| सुझाव m. | suggestion | समोसा m. | samosaa |
| छूटना intr.v. | to be left out | दाख़िल होना | to enter |
| आदेश m. | instruction | स्वाद m | taste |
| उपदेश m. | advice, counsel | चुस्की f. | sip (of tea or coffee) |
| ढिलाई f | slackness, laziness, | मग्न होकर | to be lost/absorbed (in joys) |
| ढिटाई f. | insolence, obstinacy | बाक़ी adj. | remaining |
| क़तई adv. | absolutely | विन्दु m. | point |
| बर्दाश्त करना | to be tolerated/brooked | विचार करना | to think/ consider |
| कार्यक्रम m. | program | प्रश्नचिन्ह m. | question mark |
| रूपरेखाएँ f.pl. | outlines | सर झुकाए adj. | with bent/bowed head |
| समझाना tr.v. | explain | सर्व करना | to serve |

# लाल बत्ती का खेल

सुमित प्रताप सिंह




(1) https://thepoeticallyincorrect.wordpress.com/tag/beggary/
(2) http://en.wikipedia.org/wiki/Child_labour ;

लाल बत्ती पर तोमर जी ने गाड़ी रोकी। फ़ौरन ही लगभग 15 वर्ष का एक बच्चा आ गया। उसके कपड़े बहुत गंदे और जगह-जगह से फटे हुए थे। उसकी सूरत को देखकर ऐसा लगा रहा था कि जैसे कई दिनों से खाना न खाया हो। तोमर जी को उसपर दया आ गयी। उन्होंने दस रूपये का नोट जेब से निकाला और उस लड़के की हथेली पर रख दिया। बच्चा उन्हें दुआ देकर जाने लगा तो अचानक तोमर जी ने उस बच्चे को अपने पास बुलाया और उससे कहा, " बेटा, तुम अनाथ लगते हो। क्यों न तुम मेरे साथ मेरे घर चलो। मेरे घर में मेरी पत्नी, मैं और हमारा एक बेटा है जो तुम्हारी उम्र का है। तुम हमारे घर में मेरी पत्नी के काम- काज में थोड़ा हाथ बंटा देना और हम तुम्हारे खाने-पीने, रहने और पढ़ने का इंतज़ाम कर देंगे। और कुछ रुपया भी वेतन के रूप में देंगे। फिर तुम्हें यूँ भीख मांगनी नहीं पड़ेगी।"

बच्चा तोमर जी की ओर देखकर मुस्कुराया और बोला, " बाबू जी, गाड़ी आगे बढ़ाओ, बत्ती हरी हो गई है।"

**(हंस - सितंबर 2011)**



(1) http://tribune.com.pk/story/675719/informal-labour-domestic-workers-to-get-training-rights-education/ ;

# लाल बत्ती का खेल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाल बत्ती | f. | red (street) light; red (street) signal | बुलाना | tr.v. | to call |
| गाड़ी | f. | car | अनाथ | adj. | orphan |
| रोकना | tr.v. | to stop | क्यों न | | why not; how about |
| लगभग | adv. | approximately | काम-काज | m. | daily chores |
| वर्ष | m. | year | थोड़ा -बहुत | adj. | a little |
| जगह-जगह से | | from place to place; here and there | हाथ बंटा देना | | help, lend hands |
| फटे हुए | adj | .torn | इंतज़ाम | m | arrangement |
| सूरत | f. | face | वेतन | m. | salary, wage |
| जैसे | | as though | के रूप में | adv. | in the form of, as a |
| दया आना | intr.v. | to feel pity | यूँ | | in this way, like this |
| नोट | m. | bill (money) | भीख माँगना | | to beg alms |
| जेब | f. | pocket | मुस्कुराना | tr.v. | to smile |
| निकालना | tr.v. | to take out | बाबू जी | | sir |
| हथेली | f | .palm | आगे बढ़ाओ | | move, go ahead |
| दुआ देना | tr.v. | to bless | बत्ती | f. | light |
| अचानक | adv. | suddenly | हरी | adj. | green |

# विनती

## अनुग्रह नारायण ओझा

(1) http://ilanthaleer.blogspot.com/2012/02/blog-post_13.html
(2) http://www.washingtonpost.com/world/india-proposes-ban-on-child-labor/2012/08/29/ef9d802a-f1f2-11e1-a612-3cfc842a6d89_story.html

साढ़े छह साल की उम्र में होटल में टेबल पर पोंछा लगाने के काम से उसने अपना कैरियर शुरू किया। कुछ समय बाद ग्राहकों को गिलास पकड़ाने लगा। फिर उनके आगे प्लेट लगाने लगा। शुरू में उसे कुछ सिक्के मिलते थे। बाद में काग़ज़ी नोट मिलने लगा। अब उसका मालिक उसपर भरोसा करने लगा था। वह दूकान में आने-जाने वालों का ख़ास ख़याल रखने लगा। वह फ़टाफ़ट ऑर्डर लेता और ग्राहकों का बिल मालिक को बताता। इसके कारण लेन -देन में पहले से ज़्यादा आसानी हो गयी।

(1) http://dilipchandra12.hubpages.com/hub/Child-labor
(2) http://myhero.com/go/hero.asp?hero=Kailash_ACS_LB_2008
(3) http://www.udaipurtimes.com/nanhe-haath-kalam-ke-saath-moves-forward/

बाल-दिवस से एक दिन पहले वह टेबल पर पोंछा लगा रहा था। किसी प्रेस फ़ोटोग्राफ़र ने शानदार पोज़ में उसका फ़ोटो ले लिया। कई निकम्मी राजनीतिक पार्टियों और फ़ालतू राजनेताओं में नई जान आ गई। संसद और विधान सभा में भारी हंगामा हुआ। विपक्षी पार्टियाँ अपनी जगह पर क़ायम रहीं। काम ठप्प रहा। आंकड़ेबाज़ों ने करोड़ों का नुक़सान बताया। राजनीतिक पंडितों ने देश की मौजूदा हालत पर गंभीर चिंता प्रकट की। सरकार से लेकर अख़बार तक कई दिनों तक इस मुद्दे पर हंगामा रहा। फिर धीरे धीरे सब शांत हो गया।

वह दिन भर होटल में झूठे प्लेट्स और पोंछा के काम में बिज़ी रहता। देर शाम को मालिक से कल सुबह

जल्दी आने की बात कहकर तेज़ी से घर की राह पकड़ लेता। घर पहुँचने से पहले रास्ते में सोचता जाता कि ' मालिक को अच्छे मूड में देखकर अपने छोटे भाई को होटल में काम पर रखने के लिए विनती करूँगा।'

**(हंस-नवंबर 2011)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| विनती f. | request | भारी adj. | heavy, huge, big |
| साढ़े छह adj. | six and half | हंगामा m. | commotion ; uproar |
| पोंछा लगाना tr.v. | to mop; to clean | विपक्षी पार्टियाँ f. | opposite parties |
| ग्राहक m/f | customer | जगह f. | place |
| पकड़ाना tr.v. | to give; handover | क़ायम रहना | to stay firm/ determined |
| प्लेट लगाना | to set plates | ठप्प रहना intr.v. | to stay standstill/ stop |
| सिक्के m.pl. | coins | आँकड़ेबाज़ | jugglers of statistics |
| काग़ज़ी नोट m. | paper bill | करोड़ों का | of billions |
| मालिक m. | boss | नुक़सान m. | loss |
| भरोसा करना | to trust | राजनीतिक पंडित | political pundit |
| X का ख़याल रखना | to take care of X | मौजूदा adj. | present; existing |
| फ़टाफ़ट adv. | quickly | हालत f. | condition |
| ऑर्डर लेना tr.v. | to take order | गंभीर adj. | serious, grave |
| इसके कारण | for this reason | चिंता f. | worry, anxiety |
| लेन -देन m. | business | प्रकट करना | to express |
| पहले से ज़्यादा | more than before | सरकार f. | government |
| आसानी f. | easiness, convenience | मुद्दा m. | matter, issue |
| बाल-दिवस m. | Child Day | धीरे-धीरे adv. | slowly, by and by; gradually |
| शानदार पोज़ m | magnificent pose | शांत पड़ जाना | to become quiet |
| निकम्मी adj. | good for nothing/ worthless | झूठे-प्लेट्स | used plates |
| राजनीतिक पार्टीयाँ | political parties | देर शाम को | late in the evening |
| फ़ालतू adj. | redundent/ useless | जल्दी adv. | early; quickly |
| राजनेता m. | political leader | तेज़ी से adv. | quickly, fast |
| नई जान f. | new life | की राह पकड़ना | to take the road; to set out |
| संसद f. | Indian Parliament | रास्ते में | on the way |
| विधान सभा f. | legislative assemblies of states | काम पर रखना | to employ, to give a job |

# होमवर्क

पूरन सिंह






(1) http://indiacurrentaffairs.org/protection-of-children-against-corporal-punishment-in-schools-and-institutions/ (2) http://www.internationalnews.fr/article-travail-des-enfants-les-le-ons-des-pays-emergents-50245227.html ; (3) http://urbantimes.co/2013/06/can-india-spare-the-rod/

मैं तब कक्षा सात में पढ़ता था। पढ़ने में होशियार था। लेकिन होमवर्क मेरा कभी नहीं पूरा होता था। और इसी वजह से अंग्रेज़ी वाले सर मुझे रोज़ उधेड़ते थे। मैं पिटता रहता। सर हमेशा एक ही बात कहते ---"पिटता रहेगा , कभी नहीं बताएगा कि आख़िर होमवर्क क्यों नहीं पूरा करता? "

एक दिन वे स्कूल से छुट्टी के बाद बस में जा रहे थे। मैं उसी बस में पानी के पाउच बेच रहा था---

" एक रूपया पाउच ! एक रूपये में एक लें और अपना गला ठण्डा करें ! "
बेचते-बेचते मैं उनके पास ही चला गया। वे विन्डो साइड पर बैठे थे और बाहर की ओर देख रहे थे।

" एक रूपये में एक पाउच ! ले लो साहब! गला ठण्डा हो जाएगा ! " कहते-कहते मैंने पानी का छोटा वाला पाउच लगभग उनके मुँह के सामने कर दिया। उन्होंने पाउच की तरफ़ देखा, फिर मेरी ओर देखते ही रह गये। और मैं तो सन्न रह गया----- 'अरे, ये तो सर हैं।'

अगले स्टैंड पर मैं उतर गया। सर कहाँ उतरे, मुझे पता नहीं।

Page10

दूसरे दिन मैं स्कूल गया। मैं डर रहा था। होमवर्क मेरा पूरा नहीं था। सर ने मुझे अपने पास बुलाया। मैं सकपकाते हुए उनके पास पहुँचा। सर ने पहले मेरे दोनों हाथ चूमे। फिर मेरा माथा चूम लिया। मैंने देखा था कि उनकी आँखों में कुछ छलक रहा था, और उन्हीं छलकती आँखों से उन्होंने कहा था-----" भगवान करे, तुम बहुत बड़े आ ..... द .....मी .....बनो।"

और मैं , मैं तो सिर्फ़ ' सर .....सर ' ही किये जा रहा था। आज मैं खुश था।

(वर्तमान साहित्य, मई 2013 )

## शब्दावली

| | |
|---|---|
| तब (adv.) कक्षा (f) पूरा होना (conj.v.) | Then ; class to be completed |
| इसी वजह से (comp.pp) अंग्रेज़ी वाले सर ( m) | For this very reason; the English teacher |
| उधेड़ना (tr.v.) पिटता रहना (imperfective p.+ rahnaa) | to beat (literal: skin off); to be keept on being beaten |
| आख़िर(adv.) छुट्टी (f) बस (adv.) पाउच (m) बेचना (tr.v.) | After all ; break/holiday ; bus ; pouche / sachet of water ; to sell |
| एक रूपया पाउच ; एक रूपये में एक लें | At the rate of one rupee a satchet; please take one in one rupee |
| गला (m) ठण्डा करना (conj.v.) बेचते-बेचते (p.adv.) | Throat; to cool ; while selling |
| विन्डो साइड (f) बाहर (adv.) X की ओर (comp.pp) | Window side; outside ; toward X |
| कहते-कहते (p.adv.) छोटा वाला (adj.) लगभग (adv.) | While saying (this) ; the small one ; almost |
| मुँह (m ) X के सामने कर देना (conj/comp. v) | Face/mouth; to bring in front of X |
| देखते ही रह जाना (imperfective. P +rah jaanaa ) | To stay watching (in amazement/shock) |
| सन्न रह जाना (imperfective. P +rah jaanaa ) स्टैंड (m) | To stay shocked/silent ; stand |
| उतर जाना (comp.v) मुझे पता नहीं ; दूसरे दिन (adv.) | To get off (i.e. from bus) ; I don't know ; Next day |
| डरना (intr.v.) बुलाना (tr.v.) सकपकाते हुए (p.adv.) | To be scared; to call (to come close); hesitantly |
| चूमना (tr.v) माथा(m) छलकना (intr.v.) | To kiss; forehead ; to spill over/overflow |
| छलकती(p.adj.) भगवान करे (wish/blessing) | Spilling over/overflowing; May God will |
| बड़े आदमी (m.) सिर्फ़ (adv.) | Great man ; only |
| X ही किये जाना (perfective P. + jaanaa) | To go on doing X |

# अंतहीन सिलसिला
## विक्रम सोनी

दस वर्ष के नेतराम ने अपने बाप की अर्थी को कंधा दिया, और चिल्ला-चिल्ला कर रो पड़ा। जो लोग अभी तक उसे पत्थर-दिल सोच रहे थे, वे खुश हो गए। चिता में आग देने से पहले नेतराम को भीड़ के सामने खड़ा किया गया। गाँव के पुजारी ने कहा, "नेतराम......!" साथ ही उसके सामने उसके पिता का पुराना जूता रख दिया गया, "नेतराम बेटा, अपने बाप का यह जूता पहन ले।"

"मगर ये तो मेरे पाँव से बड़े हैं।"

"तो क्या हुआ, पहन ले।" भीड़ से दो-चार आदमियों ने कहा।

नेतराम ने जूते पहन लिये तो पुजारी बोला, "अब बोल, मैंने अपने बाप के जूते पहन लिये हैं।"

नेतराम चुप रहा।

एक बार, दूसरी दफ़े, आख़िर, तीसरी मर्तबा उसे बोलना ही पड़ा, "मैंने अपने बाप के जूते पहन लिये हैं।" और वह एक बार फिर रो पड़ा।

अब कल से उसे अपने बाप की जगह पटेल की मज़दूरी तब तक करते रहना है, जब तक कि उसकी औलाद के पाँव उसके जूते के बराबर नहीं हो जाते।

(1) http://www.thehindu.com/business/Economy/40-pc-of-domestic-help-in-mumbai-are-under15-girls-undp/article17867.ece ; (2) http://talkingissues.wordpress.com/

# अंतहीन सिलसिला

## विक्रम सोनी

| | | |
|---|---|---|
| अंतहीन | adj. | endless |
| सिलसिला | m.n. | continuity/process |
| वर्ष | m.n. | year |
| बाप | m.n. | father |
| अर्थी | f.n. | funeral |
| X को कंधा देना | fig. | carry a dead body on shoulder |
| चिल्ला-चिल्ला कर | adv. | loudly/screamingly/yellingingly |
| रो पड़ना | comp.v. | to burst out crying |
| जो लोग | | the pepole who |
| अभी तक | adv. | until now |
| पत्थर दिल | | stone hearted /cruel |
| सोचना | tr.v. | to think; consider |
| खुश होजाना | | to become happy |
| चिता | f.n. | a funeral pyre |
| आग देना | tr.v. | to set fire to, to lighte a cremation fire |
| भीड़ | f.n. | crowd |
| X के सामने | comp.pp | in front of |
| खड़ा करना | conj.v. | to make someone stand |
| गाँव | m.n. | village |
| पुजारी | m.n. | priest |
| साथ ही | adv. | at the same time/ simultaneously |
| रख देना | conj.v.. | to put; keep; place |
| पहन लेना | comp.v. | to wear ; put on |
| मगर | | but |
| पाँव | m.n. | feet |
| तो क्या हुआ | | so what! |
| दो-चार | | to or four |
| आदमी | m.n. | man |
| चुप रहना | conj.v. | to remain quite |
| एक बार | adv. | one time; once |
| दूसरी दफ़े | adv. | second time; twice |
| आख़िर | adv. | after all; at last; finally |
| तीसरी मर्तबा | adv. | third time |
| एक बार फिर | adv. | once again |
| X की जगह | | at the place of X |
| पटेल | p.n.. | Patel (caste name) |
| मज़दूरी | f.n. | labor |
| तब तक | adv. | by then |
| X करते रहना | | keep on doing X |
| जब तक कि | adv. | until |
| औलाद | f.n. | children; offspring; progeny |
| पाँव | m.n. | feet |
| X के बराबर | comp.pp | equal to |
| हो जाना | comp.v. | to become |

हिंदी लघु कथा

**महिलाओं से सम्बंधित**

# खरोंच

किरण अग्रवाल

"चल फ़टाफ़ट तैयार हो जा, आज तुझे जन्नत की सैर करा ही दूँ।"
"सच दीदी?" बारह साल की मासूम लता खुशी से झूमती हुई बोली। जन्नत में अच्छा-अच्छा खाना मिलेगा न ? जन्नत में गुदगुदा बिस्तर होगा न सोने के लिए? "
"हाँ , बेहद गुदगुदा होगा। "

जल्दी ही दोनों बहनें एक पाँच-सितारा होटल के पिछले दरवाज़े से अन्दर दाख़िल हो रही थीं।

सुबह जब वे घर वापस आयीं, तो छोटी लता का चेहरा हल्दी की तरह पीला पड़ा हुआ था। वह लंगड़ा लंगड़ा कर चल रही थी।

" ज़्यादा तकलीफ़ तो नहीं हुई?" मधु ने भरे गले से पूछा।

" नहीं। साहब ने बहुत अच्छे-अच्छे खाने खाने को दिए। और वैसा गुदगुदा बिस्तर तो मैंने सपने में भी नहीं देखा था। मैं खुशी से इतनी बे-काबू हुई कि बिस्तर से नीचे गिर पड़ी। ज़्यादा कुछ नहीं, बस ..... बस हल्की सी खरोंच आयी। "

लता के गाल पर सूख गए आँसू फिर से नम हो गए।




http://www.pakistantribe.com/story/287/us-department-of-labor-awards-14-7-million-to-ilo-for-two-multicountry-grants-to-reduce-child-labor/

# खरोंच

| | |
|---|---|
| खरोंच (f) चल (imperative) फ़टाफ़ट (adv.) तैयार | scratch; go/let's...; quickly ; ready; |
| हो जाना (comp.v.) जन्नत (f) सैर कराना (conj.v.) | become; paradise; to show/take to stroll |
| सच (m) ; दीदी (f) मासूम (adj) लता (f.pn) खुशी से | really/true; sister (older) ; innocent; Lata; with happiness |
| झूमती हुई (p. adj.) गुदगुदा (adj) बिस्तर (m) बेहद (adj) | swaying ; soft/spungy; bed; extremely/ very much |
| जल्दी ही (adv.) पाँच-सितारा (adj.) होटल (m) | quickly/soon; five star; hotel |
| पिछले दरवाज़े से(adv.) अन्दर(adj.) दाख़िल होना(conj.v.) | from the back door; inside; to enter |
| वापस आना(conj.v) चेहरा (m) हल्दी (f) | to return; face; turmeric (yellow/pale) |
| x की तरह (com.pp.) पीला पड़ा हुआ (p.adj.); | like X ; gotten pale/yellow (sickly) |
| लंगड़ा-लंगड़ा कर (adv) चलना (intr.v.) ज़्यादा (adj.) | limpingly ; walk ; much |
| तकलीफ़ (f) मधु (f.p.n) भरे गले से (adv.) वैसा (adv.) | pain/trouble; Madhu; with choking throat/with lump in throat; like that |
| सपना (m.) खुशी (f.) इतनी (adv.) बे काबू होना (conj.v.) | dream; happiness; so much ; to become out of control |
| नीचे (adv.) गिर पड़ना (comp.v.) ज़्यादा कुछ नहीं (adv.) | down/on the floor; to fall down; not much |
| बस (adv.) हल्की सी (adv/adj.) गाल (m.) सूख गए | just/only; a slight/a little ; cheek(s); to become dry |
| आँसू (m.) फिर से (adv.) नम (adj.) | tear (s); again; moist/wet |

# पाबंदी

## फ़ज़ल इमाम मलिक

(1) http://www.dareechah.com/urdu_fiction_writers/dr_rasheed_jahan_urdu_story_writer_playwright
(2) http://sharida-mohamedjoesoef.blogspot.com/2007/11/ismat-chugtai-1915-1991-never-heard-of.html
(3) http://childrensliteraturefestival.com/portfolio/clf-lahore-2011-session-profiles-2/

उस मोहल्ले में वे अकेली रह रही थीं। उनका इस तरह अकेले रहना लोगों को पसंद नहीं आ रहा था। ख़ास तौर पर जिस तरह वे रहती थीं। लोगों को उनका बे-परदा रहना, मर्दों के साथ घूमना-फिरना, अच्छा नहीं लगता था। आख़िर धर्म भी कोई चीज़ होती है। और इस्लाम ने औरतों को परदे का आदेश दिया है।

मोहल्ले के लोगों ने इसकी शिकायत इमाम साहब से की। लोगों का ख़याल था कि उनके रहन-सहन के तरीक़े से मोहल्ले की लड़कियों और औरतों पर बुरा असर पड़ेगा। लोगों की शिकायत की वजह से एक दिन उनको इमाम साहब की अदालत में खड़ा होना ही पड़ा। इमाम साहब ने एक नज़र उनपर डाली, और बताया कि लोगों को उनके रहन-सहन के तरीक़ों पर एतराज़ है। उसके बाद इमाम साहब ने इस्लाम में स्त्रियों के परदे के सम्बन्ध में एक लंबा भाषण दे डाला। वे सारी बातें धैर्य से सुनती रहीं। आख़िर में जब इमाम साहब उन्हें उपदेश देने लगे तो उन्होंने सवाल किया:

" इस्लाम क्या सिर्फ़ औरतों के परदे के लिए ही कहता है?"

इमाम साहब ने " हाँ" में जवाब दिया। उन्होंने इमाम साहब से फिर पूछा:

"इस्लाम में महरम और ना-महरम की बात भी कही गयी है ?"

"हाँ कही गयी है।" इमाम साहब ने कहा।

"मैं आपके लिए महरम हूँ या ना-महरम?" इमाम साहब से उनका अगला सवाल था।

इमाम साहब तिलमिला उठे, लेकिन धीरे से कहा "ना-महरम।"

"और यहाँ जो लोग हैं, उनके लिए मैं महरम हूँ या ना-महरम?"

इमाम साहब ने उसी तरह तिलमिलाते हुए कहा, "ना-महरम।"

" जब मैं आपके लिए ना-महरम हूँ, तो आपको और इन सब लोगों को मुझसे परदा करना चाहिये था। इस्लाम ने यह भी साफ़ कहा है कि मर्दों को उन औरतों से परदा करना चाहिए जो महरम नहीं हैं। क्या आप लोगों ने ऐसा किया? जिस धर्म की बुनियाद पर आप मुझे कटघरे में खड़ा कर रहे हैं, उसी धर्म ने मर्दों को भी परदा करने का आदेश दिया है। इस लिए मुझसे सवाल-जवाब करने से पहले इन लोगों से सवाल करें तो बेहतर होगा।"

फिर वे अपनी जगह से उठीं और बग़ैर किसी से कुछ कहे या इजाज़त लिए वहाँ से चली गईं। इमाम साहब ख़ामोश थे, और भीड़ शर्मिन्दा।





(1) 0http://archive.indianexpress.com/news/rhymes-of-reason/1102057/ (2)
(2) http://www.newspakistan.pk/2012/02/28/quot-Saving-Face-quot-team-launches-anti-acid-campaign/
(3) http://islooo talkingpoint.blogspot.com/2012/01/womens-life-in-pakistan-and-powerful.html

# पाबंदी

| | |
|---|---|
| पाबंदी (f) मोहल्ला (m) अकेली (adv./adj.) इस तरह | Restriction, neighborhood; alone/single; in this manner |
| ख़ास तौर पर (adv.) जिस तरह (adv.) ; बे परदा | Specially; the way/manner as; without veil/hijab; |
| मर्द (m) घूमना फिरना (intr.v.) ;आख़िर (adv.) धर्म (m) | man; to wander/go around ; after all ; religion |
| इस्लाम(m) परदा (m) आदेश (m) शिकायत | Islam; purdah/ veil/hijab; instruction/ command; complaint |
| इमाम साहब (m) ख़याल (m) रहन सहन (m) तरीक़ा(m) | The person who leads Muslims in prayer (often the leader of the community); thought/idea/ belief; way of living; manner/method |
| बुरा (adj.) असर पड़ना (conj.v.) X की वजह से (c.pp) | bad; to have an impact/influence; because of X |
| अदालत (f) खड़ा होना (intr.v) नज़र डालना (conj.v.) | Court; to stand up; to throw a glance/look; |
| एतराज़ (m) स्त्री (f) X के सम्बन्ध में (c..pp) लंबा(adj) | Objection ; woman ; about X ; long |
| भाषण देना (conj.v.) सारी बातें (f) धैर्य से (adv.) | to give a speech; everything; with patience; |
| सुनती रहीं (imperfective P + रहना); आख़िर में (adv.) | kept listening; at last/ finally |
| उपदेश देना(conj.v.) सिर्फ़ (adv.) जवाब देना(conj.v.) | to preach/give advise ; only; to answer |
| महरम(adj.) ना-महरम (adj.) अगला (adj.) | Close relatives before whom women need not observe purdah; opposite of *mahram*- purdah must be observed by women with such people ;<br>Next |
| तिलमिला उठना (comp.v.) धीरे से (adv.) उसी तरह | to fret/be impatient/become restless; in a low (voice); in the same way |
| तिलमिलाते हुए (participial adv.) साफ़ (adv.) मर्द (m.) | Fretting/restlessly; clearly; man |
| ऐसा (adv.) बुनियाद (f.) कटघरे में (m+pp.) | Such ; Foundation/basis; in a witness box; |
| आदेश देना (conj.v.) सवाल जवाब (m.) बेहतर | instruction; questioning/arguement; better; |
| जगह (f.) उठना (intr.v.) बग़ैर किसी से कुछ कहे (adv.) | Place ; to get up; without saying anything with someone; |
| इजाज़त लेना (conj.v.) ख़ामोश (adj.) | To take permission; quiet/silent; |
| भीड़ (f) शर्मिन्दा (adj.) | crowd/gathering; ashamed |

(1) http://5secondrule.typepad.com/my_weblog/travel/
(2) http://divyascookingjourney.blogspot.com/2011/01/pongal-festival-of-kites.html
(3) http://www.hindu.com/thehindu/mp/2002/12/26/stories/2002122600810200.htm

# दूध

चित्रा मुद्गल

**दूध घर के मर्द पीते हैं।**
**क्योंकि वे मर्द होते हैं।**

उसका काम है दूध के गुनगुने गिलास को सावधानीपूर्वक उन तक पहुँचाना। पहुँचाते हुए वह हर रोज़ दूध के सोंधे गिलास को सूंघती है। पके दूध की गन्ध उसे बौरा देती है।

एक रोज़ माँ और दादी घर पर नहीं होतीं तो वह चटचट कोठरी खोलकर दुधहड़ी से अपने लिए दूध का - गिलास भरती है, और घूँट भरने को जैसे ही गिलास होंठों के पास ले जाती है, घर के उघड़े किवाड़ भड़ाक से खुल उठते हैं। उसके होठों तक पहुँचा गिलास हाथ से छूट जाता है, और दुधहड़ी पर जा गिरता है। मिट्टी की दुधहड़ी के दो टुकड़े हो जाते हैं। कोठरी के गोबर लिपे कच्चे फ़र्श पर गुलाबी दूध चारों ओर फैल जाता है। निकट आयी भौंचक्की माँ को देखकर वह थरथर काँपती-, पश्चाताप व्यक्त करती, माफ़ी माँगतीसी कहती - ःहै

"मैं... मैं..."

"दूध पी रही थी कमीनी ?"

"हाँ अ......"

"मांग नहीं सकती थी?"

"मांगा था, तुमने कभी दिया नहीं..."

"नहीं दिया तो कौन तुझे लठैत बनना है, जो लाठी को तेल पिलाऊँ ?"

"एक बात पूछूँ माँ?" आँसू से भीगी उसकी आवाज़ अचानक ढीठ हो आयी।

"पूछ !"

"मैं जन्मी थी तो दूध उतरा था तुम्हारी छातियों में ?"
"हाँ...... खूब .....पर !... पर तू कहना क्या चाहती है?'
"तो मेरे हिस्से का छातियों का दूध भी, क्या तुमने घर के मर्दों को पिला दिया था?"




(1) http://chitra-ammas-kitchen.blogspot.com/2011/08/five-favourites-of-sri-krishna-for_19.html (2) http://candisparks.wordpress.com/2012/04/28/every-mom-is-a-single-mother/

| | |
|---|---|
| दूध (m); काम (m); गुनगुना (adj.); सावधानीपूर्वक (adv.) | Milk; work; luke warm; carefully |
| उन तक (pp); पहुँचाना (tr.v); सोंधा (adj.); सूंघना (tr.v.) | (up) to them; deliver/take to; smoky smell; to smell |
| पका (adj.); गन्ध (f); बौरा देना (comp.v.) चट-चट (adv.) | Cooked/boiled; smell ; to drive crazy; quickly |
| कोठरी (f.) खोलकर (conj.) दुधहड़ी (f.) भरना (tr.v) | small room/cell; having opened; earthen pot for keeping milk; to fill |
| घूँट भरना (conj.v.) जैसे ही (adv) होंठ (m) | To swallow (liquid)/gulp; As soon as; lip(s) |
| ले जाना (intr.v.) उघड़े (adj.) किवाड़ (m.); भड़ाक से (adv.) | To take/reach for; slightly opened; door with a noise |
| खुल उठना (comp.v.) हाथ (m) छूट जाना (comp.v.) | to open (suddenly) ; hand; to slip/drop/to be let gone; |
| जा गिरना (intr.v.) मिट्टी (f.) दो टुकड़े (m.) गोबर (m.) | To fall down; clay/earth; two pieces; cowdung |
| लिपे (हुए ) (p.adj.) कच्चे फ़र्श (m.) गुलाबी (adj.) | plastered and washed/cleaned; mud floor; pink; |
| चारों ओर (ad.v.) फैल जाना (comp.v) निकट (adj.) | all around ; to spread; near; |
| भौंचक्की (adj.); थर-थर काँपना (conj.v.) पश्चाताप (m.) | flabbergasted/surprised/shocked; to tremble with fear ; regret/shame/guilt |
| व्यक्त करती (p.adv.) माफ़ी माँगती-सी (p.adv.) | Expressing; kind of apologizing; |
| कमीनी (adj. curse) ; मांगना (tr.v.) लठैत (adj.) | (you)wicked/awful; to ask for/request/beg; an expert in fighting with a club/stick; |
| बनना (intr.v.) लाठी (f.) लाठी को तेल पिलाना (idiom) | To become; club/stick; to soak/polish a club with oil to make it strong; |
| आँसुओं से भीगी (adj.) आवाज़ (f.) अचानक (adv.) | Soaked in tears/tearfully; voice ; suddenly |
| ढीठ (adj.) हो आना (comp.v.) जन्मना (intr.v.) | Stubborn/challenging ; to become; to be born |
| दूध उतरना (conj.v..) छातियों में (f+ pp.) | To have milk in breasts; in the breasts |
| मेरे हिस्से का (adj.) पिला देना (comp.v..) | my share/portion; to feed/give someone to drink |

# मर्द

चित्रा मुद्गल

“आधी रात में उठकर कहाँ गयी थी?” शराब में धुत्त पति बग़ल में आकर लेटी पत्नी पर  ग़ुर्राया। आँखों को कोहनी से ढाँकते हुए पत्नी ने जवाब दिया, “पेशाब करने।”

“एतना देर कइसे लगा?”

“पानी पी-पी कर पेट भरेंगे तो पानी निकलने में टैम नहीं लगेगा?”

“हरामिन, झूठ बोलती है? सीधे-सीधे भकुर दे किसके पास गयी थी?”

पत्नी ने सफ़ाई दी- “कऊन के पास जाएँगे मौज-मस्ती करने ! माटी-गारा ढोती देह को कौन सटावे है अपने शरीर से ?”

“कुतिया...”

“गरियाब जिन, जब एतना मालुम है किसी के पास जाते हैं तो खुद ही जाके काहे नहीं ढूँढ़ लेते?”

“बेसरम! बेहया...! जबान लड़ाती है ! आखिरी बार पूछ रहे हैं - बता, किसके पास गयी थी?”

पत्नी तनतनाती उठ बैठी- “तो लो सुन लो, गये थे किसी के पास। जाते रहते हैं। दारू चढ़ाके तो तू किसी काबिल रहता नहीं...”

“चुप्प हरामिन, मुँह झौंस दूँगा, जो मुँह से आँय बाँय बकी। दारू पीके मरद  मरद नहीं रहता?”

“नहीं रहता।”

“तो ले देख, दारू पीके मरद  मरद रहता है या नहीं !” मर्द  ने बग़ल में लुढ़का पड़ा लोटा उठाया, और औरत की खोपड़ी पर दे मारा!






(1)  http://www.dailymail.co.uk/femail/article-2574690/Wombs-rent-The-Indian-baby-farms-transforming-lives-poverty-stricken-local-women.html   (2) http://www.indiabazaardfw.com/featured/pooja-items/copper-lota-1/

# मर्द

| | |
|---|---|
| मर्द (m) आधी रात (f) शराब (f); X में धुत्त (adj); बग़ल में | Man ; midnight ; alcohol; drunk/lost in X; In the side/next to |
| लेटी (p. adj.) पत्नी (f) ग़ुर्राना (intr.v.) कोहनी(f) | lying; wife; growl; elbow |
| ढाँकते हुए (p.adv.) जवाब देना (conj.v.) पेशाब करना | while covering; to asnwer; to pee; |
| एतना देर कइसे लगा (local color)= इतनी देर कैसे लगी ? | Why it take so much time? |
| पी-पी कर (conj.) पेट भरना (conj.v.) निकलना (tr.v.) | drinking (water) over and again; to fill the stomach; come out; |
| टैम (टाइम) लगना (intr.v) हरामिन (f. curse) | To take time; (you) bastard |
| झूठ बोलना (conj.v.) सीधे-सीधे (adv.) | To tell a lie; straight/clearly/directly; |
| भकुर दे (local color) = बोले दे | Speak up; |
| सफाई देना (conj.v.) | to give clarification |
| कऊन के पास (local color)= किसके पास | Close to whom/ to see/meet with who? |
| मौज मस्ती करना (conj.v.) माटी-गारा (m.) | To have fun; earth and clay; |
| ढोती (हुई) (p.adj.) देह (f.) सटाना (tr.v.) | Carrying on head or shoulder or back ; body; bring closer/ to hug |
| शरीर (m.) कुतिया (f.curse.) | Body; bitch |
| गरियाब जिन (local color) = गाली मत देना | don't curse at (me) |
| एतना मालुम है (local color) = (तुमको) इतना मालूम है | (if) you know this much |
| खुद ही (adv.) काहे (क्यों) नहीं (tr.v.) ढूँढ़ लेना<br>बेसरम (बेशर्म) (adj.) बेहया (adj.) जबान लड़ाना | (you) yourself; why not; to find/ search;<br>(you) shameless ; immodest; counter argue/quarrel |
| आखिरी बार (adv.) ; तनतनाती (हुई ) (p. adv.) | last time; angrily |
| उठ बैठना (comp.v.) ; जाते रहना | To get up; to keep on going; |
| दारू चढ़ाना (conj.v.) किसी काबिल (adv.) | To get drunk; worth anything |
| चुप्प (imperative.) ; हरामिन (f.curse) ; मुँह (m) | Shut up!; ( you ) bastard; mouth/face |
| झौंस देना (conj.v.- local color) आँय बाँय बकना (adv.) | to burn/singe; talk nonsense/this and that |
| दारू पीके (conj.) मरद (m./adj) | After drinking alcohol; man/manly |
| बग़ल (adj.) ; लुढ़का पड़ा (p.adj.) लोटा (m) | Nearby/next to; lying; a water pot; |
| उठाना (tr.v.) खोपड़ी (f) दे मारना (comp.v.) | to pick up; Skull/head; to hit/bang |

# मानसिकता

डॉ. अनीता कपूर

(1) http://ktrmurali.wordpress.com/2011/12/27/majority-of-indian-women-are-single-why/
(2) http://www.pravasiduniya.com/dr-anita-kapoor-poem/dr-anita-kapoor-2
(3) http://twincubs.blogspot.com/2014/01/vidya-balan-bollywood.html

"जी नमस्ते, मेरा नाम सरिता है और मैं आपके बिल्कुल ऊपर वाले फ़्लैट में रहती हूँ..."....

"जी नमस्ते, कहिए?"....

" मुझे घर में काम करने के लिए एक बाई की ज़रूरत है, तो क्या अपनी बाई को ऊपर भेज देंगी?"

"ज़रूर भेज दूँगी, वैसे कितने लोग हैं आप के घर में?"...

" बस मैं अकेली ही हूँ"।....

"अच्छा थोड़ी देर में बाई आ जाएगी,...."

''जी धन्यवाद"... कहकर मेंने इंटर्कोम रख दिया। थोड़ी देर बाद, दरवाज़े की घंटी बजी तो वाक़ई बाहर एक बाई को खड़ा पाया, मन में एक ख़ुशी की लहर लहरा गयी...सोचा, चलो एक समस्या का समाधान तो आसानी से हो गया है। बाई से सारी बात तय हो गयी थी, वक़्त और पैसों को लेकर....और फिर कल से उसके आने का इंतज़ार भी शुरू हो गया........लगा कि बाई के हाथ में एक सुदर्शन चक्र है, और वो कल से मेरे अव्यवस्थित घर की धुरी घुमा देगी। अगले रोज़ बाई का इंतज़ार करती रही पर वो नहीं आई। उसके अगले दिन मैं परेशान सी लिफ़्ट से उतरकर किसी नई बाई की तलाश में मुड़ी ही थी, कि सामने से वही बाई आती हुई दिखाई दी , वह मुझे देखकर कन्नी काटने की कोशिश में थी......मैंने उसे पकड़कर पूछ ही लिया -"सब कुछ तय हो गया था फिर तुम आयीं क्यों नहीं?",

वो सकुचा कर बोली....."मेमसाहब मैं तो आना चाहती थी पर आपके नीचे वाली आंटी जी ने मना कर दिया आपके यहाँ आने से"....

"पर क्यों मना किया? और तुमने उनकी बात भी मान ली, क्या तुम्हें और पैसा नहीं चाहिए?'...


वो बोली..." पैसा किसे बुरा लगे है मेमसाहब, पर आप तो यहाँ हमेशा रहने वाली हो नहीं, उनका काम तो पक्का है न, और वो बोल रही थीं कि आप अकेली औरत हो...उन्हे शक है कि कुछ.....कि कुछ.....", इसके आगे बाई कुछ बोली नहीं और चली गई । और मैं चुपचाप खड़ी उसकी पीठ पर अपने अकेले होने के एहसास को

ढूँढने लगी ….समझ नहीं पाई कि चुनौतियों को पार करके यहाँ तक पहुँचने के लिए खुद को शाबाशी दूँ, या नीचे वाली उस आंटी जी की "अकेले" शब्द की मानसिकता पर दुख मनाऊँ।

| | |
|---|---|
| _मानसिकता (f.) बिल्कुल (adv.) ऊपर वाले (adj.) | Mentality; exactly/just/absolutely; upstairs; |
| फ़्लैट (m.) बाई (f.) ज़रूरत (f.) भेज देना (comp.v.) | flat/apartment ; domestic servant (female)/maid; need; to send; |
| ज़रूर (adv.) वैसे (adv.) अकेली (adj.) थोड़ी देर में (adv.) | Definitely/sure ; by the way/in any case; alone; in a little while |
| धन्यवाद (m.) इंटर्कोम (m.) रख देना (comp.v..) | thanks; intercom; to put |
| दरवाज़ा (m.) घंटी बजना (conj.v.) वाक़ई (adv.) | Door; ringing of bell; really; |
| बाहर (adv.) पाना (tr.v.) मन (m.) खुशी की लहर (f.) | outside; find/get ; heart ; a wave /current of happiness; |
| लहरा जाना (comp.v.) सोचना (tr.v.) चलो (?.) | Move/(like a wave/flag); think; okay/fine/ good/ well that |
| समस्या (f.) समाधान (m) आसानी से (adv.) | problem; solution; easily |
| सारी बात (f.) तय हो जाना (conj/comp.v) वक़्त (m) | Everything/matter; to be decided/fixed; time; |
| x को लेकर (comp.pp.) इंतज़ार (m.) शुरू हो जाना | ConcerningX /about X; Waiting/wait; to be started; |
| लगा कि (lagnaa) सुदर्शन चक्र (m.) वो (वह) (pr..n) | It seemed that ; Lord Krishna's wheel which could do anything; she |
| अव्यवस्थित (adj) धुरी (f) घुमा देना(comp.v) | Unorganized ; axis/pivot ; to turn |
| अगले रोज़ (tr.v) परेशान सी (adj) लिफ्ट (f) | Next day; kind of worried; lift/elevator |
| उतरना (intr.v) तलाश (f) मुड़ी ही थी (मुड़ना) कि | To get down; search; had just turned when |
| सामने से (adv) वही *(oh + hii)* आती हुई (p.adv.) | From in front ; the same ; coming |
| दिखाई देना (conj.v.) कन्नी काटना (conj.v) | To be seen; to avoid/dodge/go away without being noticed |
| xकी कोशिश (f) ; पकड़ कर (conj) सकुचा कर | Trying X ; having grabbed/held; hesitatingly |
| x नीचे वाली (adj) आंटी जी(f) मना कर देना (conj/comp.v) | The one down stairs; auntie; to prohibit/stop |
| मान लेना (comp.v.) पैसा किसे बुरा लगे है (rhetorical) | To agree/accept; who dislikes money; |
| मेमसाहब (f) हमेशा (adv.) | Madam/Ms/lady; always |
| आप तो रहने वाली हो नहीं | You are actually not going to stay |
| पक्का (adj) शक (m) इसके आगे (comp.pp.) चली गई | Solid/definite; doubt; beyond this; left/went away |
| चुपचाप (adv) खड़ी (p.adj) पीठ (f) एहसास (m) | Quiet/silent ; standing; back; feeling/ realization |
| ढूँढने लगना (infinitive+lagnaa) समझ पाना (m.verb) | To begin to search/find out ; to be able to figure out |
| चुनौती (f) पार करना (conj.v.) यहाँ तक (comp.pp) | Challenge; to cross/overcome; up to here/so far |
| खुद को (adv) शाबाशी देना (conj.v.) दुख मनाना | To oneself; to patt/praise; to mourn |

# भरोसा

## देवांशु पाल




http://webneel.com/mf-husain-paintings-art-controversy-indian-artist (2)
http://dawnadvertiser.wordpress.com/2012/05/28/holy-brackenbury-picks-islam-by-mf-husain/

अपनी जवान बेटी को देर से लौटते देख पिता ने टोकते हुए कहा "कालेज से तुम घर जल्दी लौट आया करो। "

बेटी ने पलटकर जवाब दिया , "क्या आपको मुझपर भरोसा नहीं है ?"

पिता ने अख़बार के पन्ने पलटते हुए कहा " तुम पर है, इस शहर पर नहीं ........"


**वर्तमान साहित्य, जून 2012**

| | |
|---|---|
| भरोसा (m.) जवान (adj.) देर से (adv.) लौटते (हुए ) (p.adv.) | trust/belief/faith ; teenager/youth ; late; returning |
| टोकते हुए (p.adv.) जल्दी (adv.) | interrupting/stopping/objecting ; early/soon |
| लौट आया करो (perfective participle+karna) | (always) come back |
| पलटकर (conj..) जवाब देना (conj.v.) | turning back; to answer/reply; |
| पन्ने (pl.m.) ; पलटते हुए (p.adv.) | pages; turning over |

# भ्रष्टाचार, असमानता व असंवेदनशीलता से सम्बंधित लघु कथाएँ

## अब छुट्टी नहीं चाहिये

**डाक्टर रामप्रकाश**



http://tutormentor.blogspot.com/2012/08/making-sense-of-how-america-gives.html

"साहब, मेरा लड़का बहुत बीमार है। एक दिन की छुट्टी दे दो। कल शनिवार है। रविवार की शाम को मैं वापस आ जाऊँगा। " ड्राइवर चेता राम ए. डी. एम. के सामने गिड़गिड़ा रहा था।

साहब ने कहाः "यह ठीक है कि कल शनिवार है। लेकिन अचानक कोई काम आ गया तो मैं क्या करूँगा? नहीं भई, छुट्टी किसी भी स्थिति में नहीं मिल सकती। और हाँ आज यहाँ बंगले में ही रात में सोना है। रात में कहीं भी एमरजेन्सी दौरे पर जाना पड़ सकता है। "

चेता राम कुछ न बोला। शनिवार और रविवार गुज़रा। सोमवार को बड़ी उदासी से ड्यूटी पर उपस्थित हुआ। तब तक चपरासी ने साहब को बता दिया था कि चेता राम का लड़का आज नहीं रहा। चेता राम को देखते ही साहब ने कहा, " चेता राम तुम घर जा सकते हो। तुम्हारी छुट्टी स्वीकार की जाती है। "

चेता राम ने शांतिपूर्ण स्वर में कहा " साहब, मेरे बीमार बेटे को जिन लोगों ने अस्पताल पहुँचाया था वही उसकी लाश को शमशान घाट तक भी पहुंचा देंगे। अब मुझे छुट्टी नहीं चाहिये।

# अब छुट्टी नहीं चाहिये

| | |
|---|---|
| छुट्टी (f) ; साहब (f) ; बीमार; कल; शनिवार (m) रविवार (m) शाम (f) ड्राइवर (f/f) | holiday; boss ; sick; tomorrow; Saturday ; Sunday ; evening ; driver |
| चेतराम(m/ name) ; ए.डी.एम. (f/m) ; के सामने ; गिड़गिड़ाना; यह ठीक है कि ; अचानक ; | Cheta Ram (name); A.D.M ( Assistant District Magistrate; in front of; implore/beseech /plead ; this is alright that |
| काम आजाना; किसी भी स्थिति में ; मिलना; बंगले में; | suddenly; a work needed to be done; not at all/in no condition; to get; in the banglow |
| कहीं भी; एमरजेन्सी (f); दौरा (m) गुज़रना सोमवार (m) | anywhere; emergency ; visit ; to argue/ counter argue; to pass; Monday |
| उदासी से ; ड्यूटी (f) उपस्थित होना; तब तक ; चपरासी (m) नहीं रहा | sadly; duty ; to be present; by then; attendant/peon ; is no more |
| स्वीकार; शांति पूर्ण; स्वर (m) ; जिन लोगों ने.. अस्पताल (m) पहुँचाना; | approved; peaceful; tone (m); those who...; hospital ;take/carry (someone to somewhere ) |
| वही; लाश (f); शमशान घाट (m) | they themselves/*they*; dead body ; cremation ground |

# कवरेज

## गजेंद्र रावत



http://pictify.com/user/EduardoSampaio/ren-magritte-belgium

सुबह से प्रतीक्षा करते-करते उसका नम्बर बारह बजे आया। अब वह के सामने बैठा हुआ था। इंटरव्यू बोर्ड के एक सदस्य ने धीरे से कहा "पढ़ाई तो ठीक ठाक है। मगर अनुभव है क्या?"

"जी हाँ, मैं पिछले पाँच वर्षों से एक ग्लोबल टी. वी. चैनेल में संवाददाता था।"

"ग्लोबल चैनेल ! तो फिर जाब क्यों छोड़ दी? बोर्ड के दूसरे सदस्य ने आश्चर्य से पूछा।

" दरअसल एक सड़क दुर्घटना में कवरेज के लिये मुझे भेजा गया था। परंतु सड़क पर बुरी तरह घायल युवक का तड़पना मुझसे नहीं देखा गया------ और दुर्घटना स्थल की कवरेज के बजाय मैंने उसे अस्पताल पहुँचा दिया। मुझपर आरोप लगा कि मैंने एक सनसनीखेज़ ख़बर का सत्यानाश कर दिया। इसलिये मुझे चैनेल से निकाल दिया गया। उसने भोले पन से अपनी बात रख दी।

"ठीक है , आप जा सकते हैं। आपको एक सप्ताह के अन्दर सूचना दे दी जायेगी। " बीच की बड़ी कुर्सी पर बैठा हुआ चेयरमैन बोला।

दो दिन के बाद उसको यह मैसेज मिला ---" फ़िलहाल आपको यह जाब नहीं दी जाती। भविष्य के लिये शुभकामनओं के साथ ---- चेयरमैन"

# कवरेज

| | |
|---|---|
| कवरेज (m); सुबह से ; प्रतीक्षा करते करते ;<br>नम्बर (m); बारह बजे | coverage ; since morning; while waiting on and on; number ; 12 o' clock |
| टी. वी. चैनेल ; एयर- कंडीशंड; आफ़िस (m) ;<br>इंटरव्यू बोर्ड (m); के सामने | TV channel ; air-conditioned; office ; interview board ; in front of |
| बैठा हुआ था; सदस्य (m); धीरे से ; पढ़ाई (f);<br>ठीक- ठाक | was sitting; member; in a low voice; study ; okay/good/well/fine |
| अनुभव (m); पिछ्ले ; ग्लोबल; संवाददाता (m/f);<br>तो फिर; जाब(f) छोड़ना | experience ; last; global; correspondent ; then; job ; t o leave |
| आश्चर्य से ; दरअसल ; सड़क दुर्घटना (f) ; कवरेज<br>(m) ; भेजना ; बुरी तरह | with surprise; in fact ; road accident; coverage (m); to send; badly |
| घायल ; युवक (m ); तड़पना ; मुझसे नहीं देखा<br>गया ; दुर्घटना स्थल (f) | wounded; youth ; I couldn't bear to look at; the place of accident |
| के बजाय ; अस्पताल(m ); पहुँचा देना;<br>आरोप लगना | instead of ; hospital ; take/carry (someone to); to be blamed/accused |
| सनसनीखेज़ ; ख़बर (f); सत्यानाश कर देना;<br>इस लिये; निकाल दिया गया | sensational ; news ; to ruin/spoil/destroy; therefore; was kicked out/fired |
| भोलेपन से ; बात रखना; सप्ताह (m); के अन्दर ; | innocently; to put the matter; week ; within |
| सूचना देना; बीच की ; बड़ी कुर्सी (f); बैठा (हुआ);<br>चेयरमैन (f/m) | to inform; the one in the middle; big chair ; sitting; Chairman |
| मैसेज मिलना ; फ़िलहाल ; भविष्य (m);<br>शुभकामनाएं (pl.f); के साथ | to get a message; right now; future ; good wishes ; with |

# योग्यता

कृष्ण कुमार यादव



http://www.ngshire.vic.gov.au/Council/Governance/Protected_Disclosures

सरकार बदलते ही उनकी चाँदी हो गयी। मुख्यमंत्री जी की जाति का होने की वजह से उन्हें उस आयोग के अध्यक्ष की कुर्सी मिल गयी जो प्रदेश में भर्तियों और चयन का काम करता था। अचानक वह महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए थे। उनके पास सिफ़ारिशों की भरमार होती गयी। लेकिन वह सिर्फ़ योग्यता को महत्त्व देते थे। अचानक मुख्यमंत्री सचिवालय से अध्यक्ष जी को अभ्यर्थियों की एक सूची मिली।

साथ ही यह निर्देश भी कि इन सभी को फ़ाइनल मेरिट में चयनित करना है। अध्यक्ष महोदय ने लिस्ट देखी तो कोई भी उस पद के योग्य नहीं दिखा। उन्होंने उस लिस्ट को नज़रअंदाज़ कर दिया।

"....जी ! ऐसा नहीं है।"

" फिर उसका चयन क्यों नहीं हुआ ?"

"…. जी ! दरअसल उनसे अच्छी योग्यता वाले बहुत से अभ्यर्थी थे और उनकी परीक्षा भी अच्छी हुई थी।"

"...... योग्यता ! तुम्हारी योग्यता क्या है ? सिर्फ़ यही न कि तुम मेरी जाति के हो वरना अध्यक्ष पद के लिए एक-से-एक योग्य लोग बैठे हुए लार टपका रहे हैं। तुम्हें इस कुर्सी पर इस लिए बैठाया था कि अपनी जाति के लोगों का भला करोगे न कि मुझे योग्यता का पैमाना सिखाओगे। "

"........ अभी जाइये और फ़ौरन उस लिस्ट में शामिल लोगों के चयन की घोषणा करके मुझे बताइये, वरना अध्यक्ष पद और तुम्हारी योग्यता भी ख़तरे में है।"

मुख्यमंत्री कार्यालय से बाहर निकलते अध्यक्ष जी अब अपनी ही योग्यता और ईमानदारी को लेकर असमंजस में थे।

# योग्यता

| | |
|---|---|
| योग्यता (f ) सरकार(f ) बदलना (tr.v ) चाँदी हो गयी | ability/qualification/merit; government; to change; to be in a flourishing state; |
| मुख्यमंत्री (m/f ) जाति (f ) की वजह से (pp ) आयोग (m) | Chief Minister; caste ; because of; commission |
| अध्यक्ष (m) कुर्सी (f ) प्रदेश (m) भर्ती (f ) चयन (m ) | President/chairman/head; Chair; recrutment; State/province ; selection |
| अचानक(adv) महत्वपूर्ण (adj.) व्यक्ति (m ) | suddenly; important; person; |
| बन जाना(conj/comp.v.) सिफ़ारिश (f ) भरमार (f ) | to become; recommendation; excess/a lot; |
| x को महत्त्व देना (conj ) सचिवालय (m ) अभ्यर्थी (m) | to give importance; office; applicant(s); |
| सूची (f ) साथ ही (adv ) निर्देश (m ) फ़ाइनल मेरिट | list ; simultaneously; instruction; final merit; |
| चयनित करना (conj.v) महोदय (m ) लिस्ट (f ) पद (m ) | to select ; Mr. ; list; position/job |
| योग्य (adj ) नज़रअंदाज़ कर देना (f ) ऐसा नहीं है | able/qualified; to ignore; it's not so; |
| दरअसल (adv) परीक्षा (f ) वरना (conj) एक-से-एक (adj) | in fact; examination; otherwise; excellent/best; |
| लार टपकाना (conj.v) बैठाना(tr.v.) भला करना (conj.v. ) | to drip saliva (to be greedy); to make (someone ) sit; to do good; |
| पैमाना (m) सिखाना (tr.v. ) फ़ौरन (adv ) शामिल (adj. ) | criteria / standard; to teach; immediately; included |
| घोषणा (f ) कार्यालय (m ) ईमानदारी (f ) | to announcement/declalaration; office; honesty; |
| को लेकर(pp ) असमंजस (m ) | about; doubt |

# शर्म

देवांशु पाल



http://post.jagran.com/search/engineer-caught-taking-bribe

" भीख माँगते हुए शर्म नहीं आती ....?" शर्मा जी ने दफ़्तर से निकलते वक़्त बाहर गेट पर उस भिखारी को गिड़गिड़ाते देखकर झल्लाकर कहा।

भिखारी उनकी तरफ़ देखकर ग़ुस्से से कहने लगा , " कल जब इसी जगह एक साहब ने आपको सौ-सौ के नोट गिनकर दिए थे, उस वक़्त आपको शर्म आयी थी ? "यह सुनकर शर्मा जी की आँखें शर्म से झुक गईं और वह भिखारी सर उठाये भीड़ में गुम हो गया।

**वर्तमान साहित्य, जून** 2012

| | |
|---|---|
| शर्म आना (conj.v.) भीख माँगना (conj.v.) शर्मा जी | to feel ashamed; to beg alms; Mr. Sharma; |
| दफ़्तर(m) निकलते वक़्त(adv) बाहर(adv) गेट (m) | office; while coming out ; outside; gate; |
| भिखारी(m/adj) गिड़गिड़ाते (adv.) झल्लाकर (conj) | Beggar; imploring/beseechingly /pleadingly; becoming annoyed; |
| उनकी तरफ़ (adv); ग़ुस्से से (adv) इसी जगह (adv) | towards him; with anger ; at this very place; |
| एक साहब(m) सौ-सौ (adj) नोट(m) गिनकर (conj) | a Mr/gentleman/guy; of hundreds; bill/rupee bill; having counted; |
| उस वक़्त(adv) आँखें(f.pl.) शर्म से(adv.) | at that time ; eyes; with shame; |
| झुक जाना(conj/comp.v.) सर उठाये (adv.) | to bend/bow down; with raised raised/ with pride; |
| भीड़ (f ) गुम हो जाना(conj/comp.v.) | in the crowd; to disappear |

# सुरक्षित भविष्य का फ़ार्मूला

ज्ञानदेव मुकेश




(1) http://www.nuvo.net/indianapolis/underground-the-elusive-evolution-of-the-hiv-epidemic-various-artists/Content?oid=1388215#.UxpFGoWhYUY
(2) http://fineartamerica.com/featured/gautam-buddha-preeti-nautiyal.html

एक किसान अपने खेत की अधपकी फ़सलें उखाड़कर उनमें पत्थर बो रहा था। एक राहगीर ने यह देखा तो हैरत से पूछा " भलेमानस, यह कैसी खेती हो रही है ? "
किसान ने कहा "मैं अपने भविष्य को सुरक्षित कर रहा हूँ। "
राहगीर ने आश्चर्य से पूछा "पत्थरों से भविष्य की सुरक्षा? "
किसान ने रहस्य हटाते हुए कहा " फ़सलों को उगने के लिए छोड़ दूँगा तो तूफ़ान या पाला इन्हें नष्ट कर देंगे, और अगर फ़सलें इनसे बच भी गयीं , तो ज़मींदार के आदमी इन्हें उखाड़ कर ले जायेंगे। और अगर ये उनसे भी बच गयीं, तो लागत की आधी क़ीमत भी आज के बाज़ार में नहीं मिलेगी। मगर, पत्थर बोने में यह ख़तरा नहीं है। मुझे ये ही पत्थर कम से कम वापस तो मिल जायेंगे।

वर्तमान साहित्य, जून 2012

| | |
|---|---|
| सुरक्षित (adj.) भविष्य (m ) फ़ार्मूला (m ) किसान (m/f/adj.) | safe/secure; future; formula, farmer/peasant; |
| खेत (m ) अधपकी (adj ) फ़सल (f ) उखाड़ना (tr.v. ) | crop field; half ripe; crop ; to uproot |
| पत्थर (m ) बोना (tr.v.) राहगीर (m/f.) हैरत से (adv. ) | stone; to sow; traveler; with surprise; |
| भलेमानस (adj) खेती (f ) आश्चर्य से (adv.) सुरक्षा(f) | good man, agriculture/cultivation ; safety/ protection/ security; |
| रहस्य (m) हटाते हुए (adv.) उगना (int.v.) | the secret; removing; to grow; |
| छोड़ देना (comp.v.) तूफ़ान(m) पाला (m) | to leave/abandon; strom; frost/ hoar-frost/extreme cold; |
| नष्ट कर देना (conj/comp.v.) बच जाना (comp.v. ) | to be ruined/ destroyed; to be saved/escape destruction; |
| ज़मींदार(m ) लागत (f ) आधी(adj) क़ीमत (f ) | agricultural landlord; cost/investment; half ; price/value; |
| ख़तरा(m) कम से कम(adv) वापस मिल जाना(conj/comp.v.) | danger; at least; to get back |

# धर्म

अनंत प्रसाद 'रामभरोसे'

वर्मा जी के सीने में दर्द शुरू हुआ तो बीबी-बच्चे परेशान हो उठे। उन्हें कार में लिटाकर फ़ौरन अस्पताल के लिए चल पड़े। अभी कुछ ही दूर गए थे कि सड़क पर लोगों की भीड़ देख, वे चिंतित हो उठे । किसी धार्मिक आयोजन के लिए सड़क पर इकठ्ठा भीड़, सड़क छोड़ने को बिलकुल तैयार नहीं थी। काफ़ी कोशिश के बाद भी जब भीड़ ने गाड़ियों को रास्ता न दिया तो गाड़ियों को पीछे लौटाना पड़ा। वर्मा जी के बीबी-बच्चे भी कार को पीछे लौटाकर काफ़ी दूरी तय करते हुए , दुसरे रास्ते से अस्पताल पहुंचे। वर्मा जी बहुत तेज़ दर्द से छटपटाते रहे। अस्पताल पहुँचने में काफ़ी देर हो गयी और डाक्टर के पास पहुँचते-पहुँचते उनके प्राण-पखेरू उड़ गए।

**वर्तमान साहित्य, अगस्त 2012**




(1) http://www.stockpicturesforeveryone.com/2014/02/crowds-in-india.html
(2) http://www.dailystar.com.lb/Culture/Lifestyle/2013/Jan-12/201957-100-million-head-to-ganges-for-kumbh-mela-festival.ashx

| | |
|---|---|
| धर्म (m ) सीना (m ) दर्द (m ) शुरू होना (conj.v ) | religion; chest; pain; |
| बीबी-बच्चे (m ) परेशान हो उठना (conj/comp ) | wife and children; to become worried |
| लिटाकर (conj ) फ़ौरन (adv ) अस्पताल(m ) | having laid down; immediately; hospital; |
| चल पड़ना (comp.v ) सड़क (f ); भीड़ (f );चिंतित (adj.) | to set out on/stary going; street ; worried |
| हो उठना (comp.v ) किसी (adj ) धार्मिक (adj. ) | to become; ; any/some ; religious |
| आयोजन (m ) इकठ्ठा (adj ) बिलकुल नहीं (adv.) | program; gathered; not at all |
| तैयार (adv/adj ) काफ़ी (adj ) कोशिश (f ) | ready; a lot/much ; effort; |
| रास्ता देना (conj.v. ) पीछे लौटाना (conj.v. ) | To give way/ to let go; to take back/go back |
| दूरी (f ) तय करना (conj.v. ) तेज़ (adv. ) | Distance ; to decide; fast/severe/quick |
| छटपटाते (adv. ) देर हो जाना(conj/comp.v ) | Writhing; to become late/delay |
| पहुँचते-पहुँचते (adv. ) प्राण-पखेरू (m) | By the time of arrival; the bird of soul/life |
| उड़ जाना (comp.v. ) | To fly away |

# 73 करोड़ का हवाई जहाज़

अशोक भाटिया




http://thewe.cc/weplanet/news/americas/us/ronald_reagan.html




(1)http://vi.sualize.us/homeless_mom_prepares_her_daughter_for_school_by_gautam_basu_people_children_pography_india_picture_s39r.html ; (2) http://www.betterplace.org/en/projects/6320-classrooms-for-slum-children-in-india#gallery

तीनों बच्चे भूख से बेचैन थे। वे रोते-रोते सो गए थे। उनकी माँ चिंता में बैठी थी। तभी उनका बाप झोंपड़े में दाख़िल हुआ।

पति को देखकर वह बोली- " निखट्टू आज फिर खाली हाथ आ गया ! " और उसने एलुमिनियम की ख़ाली पतीली ग़ुस्से में उसकी तरफ़ फेंक दी।

यह वह समय था जब मुकेश अंबानी अपनी पत्नी को 73 करोड़ रूपये का हवाई जहाज़ तोहफ़े में दे रहे थे।

**(हंस -नवंबर 2011)**



http://corporate-air.com.au/aircraft-charter/aircraft-types/jet/from-our-network/falcon-900/

# 73 करोड़ का हवाई जहाज़

| | | | |
|---|---|---|---|
| करोड़ m. | 10 million | पति m.n | husband |
| हवाई जहाज़ m. | airplane | निखट्टू adj. | good for nothing |
| बेचैन होना intr.v. | to become restless/agitated | ख़ाली हाथ | empty handed |
| चिंता में | in worry | एलुमिनियम | aluminum (a cheap metal) |
| बैठी थी | was sitting | ख़ाली adj. | empty |
| तभी adv. | right then | पतीली f. | pot |
| बाप m. | father | गुस्से से adv. | in anger |
| झोंपड़ा m. | shack, hut | फेंकना tr.v | to throw |
| दाख़िल होना | to enter | तोहफ़ा m. | gift |

# जनलोकपाल

## बृजेश शर्मा







(1) http://www.saharasamay.com/photo-gallery/sports-news/jan-lokpal-bill/676475172/8/.html
(2) http://article.wn.com/view/2014/02/09/Will_quit_if_Jan_Lokpal_bill_not_passed_Kejriwal_says/

ट्रेन रुकते ही लोगों के चढ़ने-उतरने का सिलसिला शुरू हो गया। जनरल डिब्बों में कुछ ज़्यादा भीड़ थी। इसलिए यात्रियों का एक ग्रुप आरक्षित डिब्बे में दरवाज़े और टॉयलट के बीच में बैठ गया। ट्रेन के चलते ही उनमें से किसी ने जनलोकपाल क़ानून की चर्चा छेड़ दी।

" भइया, एक बार यह क़ानून पास हो जाए, फिर देखना सारे भ्रष्टाचारी जेल में होंगे।"

"अरे जेल में .... उन्हें तो बीच चौराहे पर गोली मार देनी चाहिए। कितना खाया है .... पूरा देश खा गए सा . ऽ..ऽ..ले।" आवाज़ में ग़ुस्सा उभर आया था।

"सही कह रहे हो। भ्रष्टाचार ने तो हमारी ज़िन्दगी को नर्क बना दिया है। मैं तो कहता हूँ कि रिश्वत देने वालों को भी जेल में डाल देना चाहिए। "

सभी एक मत थे कि भ्रष्टाचार को किसी भी क़ीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।
कुछ देर बाद टिकट चेक करते हुए टिकट चेकर उनके पास पहुँचा। उनके टिकट देखकर बोला

"अरे , ये तो जनरल डिब्बे के टिकट हैं। जुर्माना देना होगा।"

"साहब, दो-तीन स्टेशन के बाद उतर जायेंगे। उनमें से एक रिरियाया।"

"ठीक है , पचास-पचास ले आओ।"

मामला निपट जाने का संतोष चेहरों पर उभर आया था। अब वे अन्दर की ओर बढ़ रहे थे, जहाँ बैठकर उन्हें भ्रष्टाचार के ऊपर लम्बी चर्चा करनी थी।

**(हंस, अक्टूबर 2011)**

# जनलोकपाल

| | |
|---|---|
| रुकना (intr.v) चढ़ना (intr.v.) उतरना (intr.v.) | To be stopped; to climb/board; to get off/down |
| सिलसिला (m.) शुरू हो जाना (conj/comp.v.) | Process/series; to begin |
| जनरल (adj.) डिब्बा (m.) कुछ ज़्यादा (adj.) | General ; compartment; somewhat more |
| भीड़ (f.) इसलिए (conjunction.) यात्री (f/m.) | Crwod; therefore; passenger |
| ग्रुप (m.) आरक्षित (adj.) टॉयलट (m.) | Group; reserved; toilet/bathroom |
| x के बीच (pp.) चलना (intr.v) क़ानून (m) | Between X ; to move; law |
| चर्चा (f.) छेड़ देना (comp.v.) भइया (m/address.) | Discussion; to start; brother |
| एक बार (adv.) पास हो जाना (conj/comp.v.) | One time; to be passed; |
| भ्रष्टाचारी (adj.) जेल (m.) बीच (adv.) चौराहा(m.) | Corrupt ; jail; middle; intersection |
| गोली मार देना (conj/comp.v.) कितना (adv.) | To shoot; how much /very much |
| पूरा देश (m.) साले (curse.) आवाज़(f.) ग़ुस्सा (m.) | Entire country; bastards; voice/sound; anger |
| उभर आना (intr.v.) सही (adj.) भ्रष्टाचार (m.) | To emerge/appear; right ; corruption |
| ज़िन्दगी (f.) नर्क (m.) बना देना (comp.v.) | Life ; hell; to make |
| रिश्वत (f.) डाल देना (tr.v.) सभी (adj.) | Bribe; to put/keep; all |
| एक मत (m.) किसी भी क़ीमत पर (adv.) | One opinion; at any cost |
| बर्दाश्त करना (conj.v.) जुर्माना (m.) | To tolerate; fine |
| उतर जाना (comp.v.) रिरियाना (intr.v.) | To get down/off (i.e. from train); to plead |
| पचास-पचास (adj) ले आना (intr.v.) मामला (m) | Fifty each; bring/give ; matter |
| निपट जाना (comp.v) संतोष (m) चेहरा (m) | To be settled; satisfaction; face |
| उभर आना(intr.v) अन्दर(adv) x की ओर (pp) | To appear/emerge; inside; toward X |
| बढ़ना (tr.v) x के ऊपर (pp) लम्बी (adj) | To move ahead/forward; on/about X ; long |
| चर्चा करना (conj.v.) | Conversation/discussion |

# जय हो अन्ना

कुमुद




http://ibnlive.in.com/news/full-text-the-jan-lokpal-bill/148401-53.html

शर्माजी पूजा में बैठे थे। उनके घर के बाहर, लॉन में कुर्सी पर बैठा मैं घंटे भर से इंतज़ार कर रहा था।

शर्माजी को आते देखकर मैंने खड़े होकर उनको नमस्ते किया,

" वेरी-वेरी गुड मॉर्निंग सर। "

शर्माजी ने जोशीली आवाज़ में जवाब दिया : " जय भारत! अरे भई! कम-से-कम आज तो भारत माता की जय बोलिए। आपको मालूम ही होगा कि अन्नाजी आज से भूख हड़ताल पे हैं। आज मैंने उनके स्वास्थ्य के लिए भगवान से स्पेशल प्रार्थना की है। उनमें बहुत ही श्रद्धा-भक्ति रखता हूँ मैं।"

मैं सकपका गया। मुझे लगा कि मेरी नैया किनारे लगते-लगते डूबने लगी।

मैं रजिस्ट्री ऑफ़िस के जिस टेबल पर क्लर्क हूँ, वहाँ हर रोज़ कुछ-न-कुछ ऊपर से आ ही जाता है। तभी तो मैं दोनों बेटों को इंजीनियरिंग कॉलेज में दाख़िला दिला पाया। नहीं तो तनख़्वाह से होता ही क्या ?

लेकिन मेरा तबादला उस टेबल पे हो चुका है जहाँ मक्खी तक नहीं आती। मेरे सहकर्मी गिरिजाजी ने मुझे परेशान देखकर सलाह दी, " सेक्रेटेरियट में शर्माजी बड़े बाबू हैं। उन्हें पच्चीस-पचास देकर खुश कर दीजिये। उसी में वे सेक्रेटरी को भी सँभाल लेंगे। आपका तबादला रुक जाएगा। कहिये तो मैं बात करूँ।"

मैं तुरंत तैयार होगया। बात साठ हज़ार में तैय भी हो गयी। फिर ये अन्ना जी कहाँ से आ गए, मेरी तैरती नैया को डुबाने !

मैंने हिचकिचाते हुए शर्माजी से कहा, "सर, मैं बृजलाल हूँ ....गिरिजाजी शायद ....."

वे मुस्कुराए, " जितना लाने को कहा था, उतना लाये हो न ? "

मैंने तुरंत जेब से लिफ़ाफ़ा निकालकर उनके हाथ में रख दिया।

"मैं तो डर ही गया था सर कि कहीं आप अन्ना जी के प्रभाव में तो नहीं आ गए!" मैंने कहा।

उन्होंने मुस्कुराते हुए लिफ़ाफ़े को पॉकेट में डाल लिया और कहा, " आप झूठे , मक्कार, चोर और घूसख़ोर हैं। हैं न?"

मैंने हड़बड़ा कर "हाँ" में सर हिला दिया ।

" फिर भी आप भगवान में श्रद्धा-भक्ति रखते ही हैं। पूजते भी होंगे? आप बुरा देखते हैं , बुरा कहते हैं, बुरा सुनते भी हैं। इसका यह मतलब तो नहीं कि आप गांधीजी में श्रद्धा नहीं रखते! अन्नाजी बहुत महान काम कर रहे हैं। उनमें श्रद्धा रखना हमारा धर्म है। पर कर्म तो अपनी जगह में ही रहेगा न? "

मैंने खुश होकर नारा लगाया ; "जय भारत ! जय अन्ना !"

**(हंस, अक्टूबर 2011)**

# जय हो अन्ना

| | |
|---|---|
| जय (f.) पूजा (f) लॉन (m) घंटे भर से (adv) | Victory/long live; worship ; lawn ; for an hour |
| जोशीली (adj) अरे भई (adress) कम-से-कम (adv) | Enthusiastic ; hey brother; at least |
| भारत माता (f) भूख हड़ताल (f.) स्वास्थ्य (f) | Mother India ; hunger strike ; health |
| भगवान (m) स्पेशल (adj) प्रार्थना (f) | God ; special ; prayer |
| श्रद्धा-भक्ति(f) रखना(tr.v.) सकपका जाना(comp.v) | Respect and devotion; to have /keep; to become shocked/nervous/worried |
| नैया (f) किनारे लगते-लगते (adv) डूबना (intr.v) | Boat ; almost nearing the shore; to drwon/sink |
| रजिस्ट्री ऑफ़िस (m) कुछ-न-कुछ (adv) | Registration office; at least something |
| ऊपर से (adv) तभी तो (adv) दाख़िला दिलाना | From above/additional ; that's why; to have someone get admission |
| नहीं तो (conjunct) तनख़्वाह (f) तबादला (m) | Otherwise; salary; transfer |
| मक्खी (f) सहकर्मी (m/f) परेशान (f) सलाह (f) | Fly; colleague ; worried; advice |
| बड़े बाबू (m) पच्चीस-पचास (adj) | The chief clerk; twenty or fifty/ something |
| सँभाल लेना (comp.v) रुक जाना (comp.v) | To take care of; to be stopped |
| तुरंत (adv) तैयार हो जाना (comp.v) | Immidiately ; to become ready |
| साठ हज़ार (m) बात (f) तैय हो जाना (comp.v) | Sixty thousand ; thing/matter ; to be fixed/decided |
| तैरती नैया (m) डुबाना(tr.v) हिचकिचाते हुए (adv) | Floating/sailing boat; to drown; hesitatingly |
| मुस्कुराना(intr.v) जितना (relative) उतना(co-relative) | To smile ; as much ; that much |
| जेब (f) लिफ़ाफ़ा (m) डर जाना(comp.v) | Pocket ; envelop/packet; to be scared/nervous |
| कहीं (subj.phrase ) प्रभाव (m) झूठे (adj) | Lest/let it be not that; effect/influence/impact; lier |
| मक्कार (adj), चोर (adj.) घूसख़ोर (adj.) | Hypocrete; thief ; one who takes bribes |
| हड़बड़ाना (tr.v), सर (m) हिला देना (comp.v) | To become nervous ; head ; to move/motion |
| फिर भी (adv) पूजना (tr.v) बुरा (adj) मतलब (m) | Nevertheless ; to worship; bad/evil ; meaning |
| महान (adj) धर्म (m) कर्म (m) अपनी जगह (adv) | Great ; religion ; action/act; at its place |
| नारा लगाना (tr.v) | To shout slogan |

# दाँव

## आफ़ताब अहमद




(1) https://missionsharingknowledge.wordpress.com/tag/china/
(2) http://www.aljazeera.com/news/asia/2011/11/201111985048877302.html

साम्प्रदायिक दंगों का मौसम । हर तरफ़ भय का वातावरण था । कब क्या हो जाए कुछ कहना मुश्किल था।

ट्रेन तेज़ी से चली जा रही थी। मैं जिस डिब्बे में बैठा था उसमें सामान्य यात्रियों के अतिरिक्त कुछ सुरक्षा कर्मी भी थे। उनको किसी शहर में दंगा कंट्रोल करने के लिए भेजा जा रहा था। विभिन्न शहरों के दंगों में जान-माल के नुक़सान का लेखा-जोखा चल रहा था। एक शहर के बारे में एक आदमी दबे स्वर में बता रहा था कि ' वहाँ ' उस' धर्म के बहुत लोग मार डाले गए। स्वयं सुरक्षा बलों ने सैंकड़ों नौजवानों को गोलियों से भून डाला और उनकी लाशें नहर में फेंक दीं।' वह आदमी आगे झुका और रहस्यमयी अंदाज़ में फुसफुसाया :
" यह एक तरह से अच्छा ही हुआ। वहाँ मियाँ भाई लोग बड़ी आग मूते हुए थे........। "
"भाई साहब, यह अच्छा कैसे हुआ? .... जिन नौजवानों को गोलियों से भून डाला गया, क्या वे इंसान नहीं थे?! ...." मुझसे ख़ामोश न रहा गया और मैंने उसे टोक दिया। ।

सन्नाटा छा गया .........

मैं अपनी सीट पर बेचैनी से पहलू बदलने लगा। मैंने दंगे के दौरान अपने धर्म के व्यक्तियों को चलती ट्रेन से बाहर फेंके जाने और ट्रेन रोककर उन्हें क़त्ल कर डाले जाने की घटनाएँ सुन रखी थीं। मैं डर रहा था कि कहीं कोई मुझसे मेरा नाम न पूछ ले। ऐसी स्थिति में मुझे सच बोलना चाहिए या झूठ? इसी असमंजस में था कि मेरी बग़ल में बैठे सुरक्षा-कर्मी ने मुझसे पूछ ही लिया ,
" आप हिन्दू हो या मुसलमान?"
पहले तो विचार आया कि झूठ बोल दूँ। यहाँ कौन है जो मुझे पहचानता है। लेकिन सच बोल दिया
" मुसलमान हूँ ....भाई साहब..... ।"
अगले पूरे सात घंटों की यात्रा के दौरान इस विषय पर कोई चर्चा न हुई।

**(वर्तमान साहित्य; अप्रैल 2013)**

# दाँव

| | |
|---|---|
| दाँव(m) ; साम्प्रदायिक; दंगे (pl. m) ; मौसम (m) ; हर तरफ़ ; भय (m) | stake/wager; communal/sectarian; riots (pl.m); season; all around; fear |
| वातावरण (m); कुछ कहना; मुश्किल ; तेज़ी से ; चली जा रही थी | environment ; say anything/predict; hard/ difficult; quickly/ fast; was going/heading forward; |
| जिस डिब्बे में; बैठा था ; सामान्य ; यात्री (m/f); के अतिरिक्त | the coach in which; was sitting; general; traveler ; in addition to |
| सुरक्षा कर्मी (m) ; दंगा (m); कंट्रोल करना; भेजना; विभिन्न; जान-माल (m) | military men ; riot ; to control; to send; different/various; life and property |
| नुक़सान (m); लेखा-जोखा (m); दबे स्वर में | loss ; accounting/evaluation ; in a subdued/ low tone |
| धर्म (m); मार डालना; स्वयं; सुरक्षा बल (m); सैंकड़ों ; नौजवान (m/f) | religion ; to kill; (they) themselves; security guards ; hundreds of; youth(s) |
| गोलियों से; भून डालना; लाशें (pl.f) नहर (f) फेंक देना | with bullets; to burn/roast ; corpses ; canal; to throw away |
| आगे; झुकना; रहस्यमयी; अंदाज़ (m); फुसफुसाना; एक तरह से | forward; bow/bend; secretively; way/manner; to whisper; in a way |
| मियाँ भाई (m); बड़ी; आग मूतना ; भाई साहब (m) ; जिन नौजवानों को | Muslim(s); very much; to piss fire (to be a big nuisance); brother ; the youths whom; |
| ख़ामोश ; मुझसे न रहा गया ; टोक देना ; सन्नाटा (m); छा जाना | silent/quiet; I couldn't hold myself; to interrupt/to challenge/raise an objection; pin drop silence ; to spread |
| सीट (f); बेचैनी से ; पहलू बदलना; दंगे (pl.m); दौरान; चलती ट्रेन (f); | seat ; with restlessness/anxiety; to change sides or fidget; riots ; during; moving train |
| बाहर फेंकना; स्टेशन (m); रोककर ; क़त्ल कर डालना ; घटनाएँ (pl.f); सुन रखना | to throw outside; station ; having stopped; to kill; incidents (pl.m); (to have already) heard |
| डरना; कहीं न ; ऐसी ; स्थिति (f) | to be afraid; I hope not; such; situation ; |
| सच बोलना ; झूठ (m); असमंजस (m); बग़ल (f); सुरक्षा-कर्मी (m); विचार (m); आना ; पहचानना | to tell the truth; lie ; dilemma/hesitation ; next to (f); military man ; occur (i.e. a thought) to recognize |
| अगले ; घंटा (m); यात्रा (f); के दौरान विषय (m); कोई ; चर्चा (f); | next ; hour ; journey (m); during; topic/subject; any; conversation |

# हास्य-व्यंग - लघु कथाएँ

## दुखद अन्त

आलोक कुमार सातपुते

'' अच्छा भाई साहब, आपके साथ सफ़र बहुत सुखद था। आगे भी हमको कान्टैक्ट में रहना चाहिए। इसलिए आप मेरा मोबाइल नम्बर नोट कर लीजिये, और अपना मोबाइल नम्बर मुझे दे दीजिये।''

'' भाई साहब मेरे पास मोबाइल नहीं है।

'' अरे क्या बात करते हैं !? आपके पास मोबाइल नहीं है..... क्या मज़ाक़ कर रहे हैं आप !

''मैं मज़ाक़ नहीं कर रहा हूँ। मेरे पास वाक़ई मोबाइल नहीं है।''

''आज के ज़माने में तो रिक्शे-ठेले वालों के पास मोबाइल होते हैं। मैं यह मान ही नहीं सकता कि आपके पास मोबाइल नहीं है।''

'' अरे भाई, मेरे पास मोबाइल नहीं है...... नहीं है..... नहीं है ! ''

'' 'अ ऽऽ.रे! मोबाइल नहीं है, या आप हमें नम्बर ही नहीं देना चाहते। हम आपको टुच्चे लगते हैं, या लोफ़र लगते हैं, कि फ़ोन करके आपकी बीवी को परेशान करेंगे।''

'' देखिये, आप मुझ तक ही रहिये , मेरी बीवी तक मत पहुँचिए, वरना मुझसे बुरा कोई न होगा।''

'' क्या उखाड़ लेंगे आप मेरा अँ ऽ..ऽ.. ... ? ''

इसके बाद दोनों ने ही अपनी-अपनी आस्तीनें चढ़ा लीं ।

इस तरह एक सुखद सफ़र का दुखद अंत हुआ।




http://www.jasondyk.com/workplace/businessmen-fighting/

# दुखद अन्त

| | |
|---|---|
| दुखद अंत m. sad end | लोफ़र adj.& pl. m. base, worthless, dissolute |
| अच्छा भाई साहब well/okay brother | फ़ोन करना to phone /call |
| आपके साथ with you | बीवी f. wife |
| सफ़र m. journey | परेशान करना to bother |
| सुखद adj. pleasant | देखिये imperative look |
| आगे भी adv. in future too | मुझ तक ही रहिये please keep up to me/don't go beyond me |
| कान्टैक्ट m contact | मत don't (strong) |
| कान्टैक्ट में रहना to stay in contact | पहुँचिए imperative reach; get to |
| इसलिए therefore | वरना adv. otherwise ; or else (threat) |
| मोबाइल नम्बर mobile/cell phone number | मुझसे बुरा कोई न होगा no one will be worse than me |
| नोट कर लीजिये please note down | उखाड़ लेना to do harm/ up root/undermine |
| मुझे दे दीजिये please give me | अँ right! ( nonchalant gesture) |
| अरे hey, no way | इसके बाद after that |
| क्या बात करते हैं what are you saying! | दोनों both |
| मज़ाक़ करना to joke/ do kidding | अपनी-अपनी each |
| वाक़ई adv. really | आस्तीनें चढ़ा लेना to roll up the sleeves (for fight) |
| आज के ज़माने में in today's time | इस तरह adv. thus |
| तो (here) in fact, actually | सुखद ad. pleasant |
| रिक्शे-ठेले वाले paddle rickshaw and cart vendors | सफ़र journey |
| मैं मान ही नहीं सकता I absolutely cannot not accept it | दुखद adj. sad |
| टुच्चे adj.& pl. m. base, worthless, dissolute | अंत m. ending |
| लगना intr.v. to seem; appear | |

# चोरी

## प्राण शर्मा




http://www.nydailynews.com/news/world/stolen-paintings-burned-article-1.1401904

" क्या आप संतोष मेहता की धर्मपत्नी हैं ? "
" जी , मैं संतोष मेहता की धर्मपत्नी हूँ । लेकिन आप कौन हैं ? मैंने आपको पहचाना नहीं । "
" मेरा नाम महेंद्र दत्त है । मैं प्रकाशक हूँ । पुस्तकें छपता हूँ । संतोष जी से कहियेगा कि उनका कहानी संग्रह छप कर तैयार हो गया है । उसकी ढाई सौ प्रतियाँ आकर ले जाएँ । "
" क्या उनकी कहानियाँ आपने छापी हैं ? "
" जी , हमने छापी हैं । "
" वे तो निकम्मी कहानियाँ हैं । मैंने पढ़ी हैं , आपने कैसे छाप दी हैं ? "
" देखिये... , हम कारोबारी लोग हैं... . कोई हमें रूपये देकर अपना कहानी संग्रह छपवाता है, तो हम खुशी से छापते हैं । उसकी कहानियों को प्राथमिकता देते हैं । उसे निराश नहीं करते हैं ।"
" क्या मेरे पति ने रूपये देकर कहानी संग्रह छपवाया है ? "
" जी , आपके पति ने रूपये देकर कहानी संग्रह छपवाया है। "
" फिर से कहिये ।"
" आपके पति ने रूपये देकर कहानी संग्रह छपवाया है । "
" कितने रूपये उन्होंने आपको दिए थे ? "
" पच्चीस हज़ार रूपये ।"
" पच्चीस हज़ार रूपये ? "
" जी , पूरे पच्चीस हज़ार रूपये । "

सुनते ही संतोष मेहता की धर्मपत्नी दिल पकड़ कर बैठ गयी। पिछले महीने ही उसके तीस - पैंतीस हज़ार रुपयों के सोने के गहनों की चोरी हुई थी।

# चोरी

| | |
|---|---|
| चोरी (f.) धर्मपत्नी (f.) पहचानना (tr.v.) प्रकाशक (m.) | theft; wife; to recognize; publisher |
| पुस्तक (f.) छापना(tr.v.) कहानी संग्रह (m.) छपकर (conj.) | book; to publish; story collection; after having printed |
| तैयार हो जाना (conj/comp.v.) ढाई सौ (adj.) प्रतियाँ (pl.f.) | to become ready; two hundred and fifty ; copies |
| आकर (conj.) ले जाना (intr.v.) निकम्मी (adj.) | having come; take away; worthless |
| कारोबारी (adj.) छपवाना (causative) खुशी से (adv.) | business doing/trading; to get published; happily |
| x को प्राथमिकता देना (conj.v) x को निराश करना (conj.v.) | to give precedence/preference to X; to disappoint X |
| फिर से कहिये (imperative.) पच्चीस हज़ार (adj.) पूरे (adj.) | say again; twentyfive thousand; total |
| सुनते ही (imperfective. p+ *hi*) दिल पकड़कर (conj) | upon hearing (it); holding the chest/in a shocked state |
| बैठ जाना (comp.v.) पिछले महीने ही (adv.) | to sit down; just last month |
| तीस - पैंतीस (number) हज़ार (adj.) सोने के गहने (pl.m.) | thirty or thirty five; a thousand; gold jewelry |

# बुद्धिजीवी कुत्ता

खलील जिब्रान से



http://www.sodahead.com/united-states/do-you-like-pictures-of-the-moon/question-267141/?link=ibaf&q=&esrc=s

चाँदनी रात थी। चारों तरफ़ चाँदनी बिखरी हुई थी। अचानक एक गली से कुछ कुत्ते आए। उन्होंने चाँदनी को देखा। फिर उन्होंने चाँद को भी देखा। फिर जैसा कि कुत्तों की आदत होती है, उन्होंने भौंकना शुरू कर दिया। वे लगातार भौंक रहे थे। एक अक़्लमंद कुत्ता भी था। वह पीछे वाली गली से आ रहा था। उसने सोचा, "कैसे बेवक़ूफ़ हैं ये लोग ! भौंक रहे हैं।" पास आकर उनसे कहा, "तुम बहुत बेवक़ूफ़ हो। कैसी सुंदर चाँदनी बिखरी हुई है ! कैसी शांति है ! और तुम भौंक-भौंककर उसे बर्बाद कर रहे हो।" यह सुनकर वे कुत्ते चुप हो गये। लेकिन अपनी बात समझाने के लिए वह अक़्लमंद कुत्ता सारी रात भौंकता रहा।





(1) http://www.readers.com/blog/2012/01/i-lost-my-glasses/
(2) http://www.dogfacepet.com/dog_training_schedule.php



## सवाल

1. कुत्तों ने चाँदनी और चाँद को देखकर क्या करना शुरू कर दिया ?
2. जब अक़लमंद कुत्ते ने देखा कि सब कुत्ते भौंक रहे थे, तो उसने क्या सोचा ?
3. अक़लमंद कुत्ते ने दूसरे कुत्तों से क्या कहा?
4. दूसरे कुत्तों की क्या प्रतिक्रया थी ?
5. कहानी का अंत क्या है?
6. आपके ख़याल में इस कहानी का शीर्षक (title) क्या होना चाहिए और क्यों?
7. इस कहानी के बारे में अपने विचार (thoughts) लिखिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| चाँदनी रात f. | moonlit night | गली f. | alley; street |
| चारों तरफ़ adv. | all around | सोचा (सोचना) tr.v. | thought (think) |
| चाँदनी f. | moonlight | कैसे बेवकूफ़ | how stupid/fool |
| बिखरी हुई adj. | scattered; spread | पास आकर | coming/having come close |
| अचानक adv. | suddenly | कहा (कहना) tr.v. | said (say) |
| गली f. | alley | सुंदर adj. | beautiful |
| कुत्ते m.pl. | dogs | शांति f. | pecae; serene |
| फिर | then | भौंक-भौंककर | barking on and on |
| चाँद m. | moon | बर्बाद करना | to destroy; to ruin |
| जैसा कि | as | सुनकर | having heard /listened |
| आदत f. | habit | चुप होजाना | to become quiet/silent |
| भौंकना itr.v. | to bark | अपनी बात | his (own) thought/idea |
| शुरू कर देना comp.v. | to begin | समझाना tr.v. | to explain |
| लगातार adv. | coninually | के लिए pp | for ; in order to |
| अक़लमंद adj. | intelligent | सारी रात f. | whole night |
| पीछे वाली adj. | the one in the back/behind | भौंकता रहा | kept barking |

# मिर्ज़ा असदुल्लाह ख़ाँ ग़ालिब



(1) http://sahapedia.org/mirza-ghalib/
(2) http://www.worldsultimate.net/sadequain-the-legendary-ultimate-artist-and-calligrapher.htm
(3) http://commons.wikimedia.org/wiki/File:Diwan-e-Ghalib_Muraq-e-Chugtai,_1927.jpg

## मिर्ज़ा ग़ालिब और ग़दर

ग़दर के बाद जब पूछ-ताछ चल रही थी तो मिर्ज़ा ग़ालिब को भी कर्नल बर्न (फ़ौजी गवर्नर) के सामने हाज़िर होना पड़ा। उस समय मिर्ज़ा ग़ालिब लम्बी तुर्की टोपी पहने हुये थे। कर्नल ने पूछा " वेल! तुम मुसलमान हो? "

मिर्ज़ा ग़ालिब : "हुज़ूर , आधा। "

कर्नल: "मतलब? "

मिर्ज़ा ग़ालिब: " शराब पीता हूँ सूअर नहीं खाता।"

कर्नल यह सुनकर हंसने लगा और मिर्ज़ा ग़ालिब को जाने दिया।

| | |
|---|---|
| ग़दर (m); पूछ-ताछ (f); चलना; कर्नल बर्न (pn) | Mutinty (of 1857); investigation; to go on; Colonel Burn |
| फ़ौजी गवर्नर ; के सामने ; हाज़िर होना; | Military Governor; infront of; to present oneself (before an authority); |
| उस समय ; लम्बी adj); तुर्की (adj); टोपी (f); | at that time long; Turkish; hat; |
| पहने हुये ; वेल! ; हुज़ूर ; आधा; मतलब (m); | (was) wearing ; Well!; My lord; half; meaning; (was) wearing |
| शराब (f); सूअर (m); हंसने लगा; x को जाने देना | alcohol/wine ; pork/pig; began to laugh; to let X go |

# मिर्ज़ा ग़ालिब और आम

मिर्ज़ा ग़ालिब को आम बहुत पसंद था। वे कहते थे कि आम की सिर्फ़ दो ख़ूबियाँ होनी चाहियें। एक यह कि आम मीठा होना चाहिए। और दूसरे यह कि ज़्यादा होना चाहिए। उनके दोस्तों को यह बात मालूम थी और आमों के मौसम में वे उनके लिये आम भेजते थे।

एक दिन मिर्ज़ा ग़ालिब के एक दोस्त, जिनको आम बिल्कुल नहीं पसंद था, उनके घर आये हुये थे। दोनों घर के बाहर बरामदे में बैठे थे। तभी एक गधा वाला अपने गधे के साथ उधर से गुज़रा। गली में आम के छिलके पड़े थे. गधे ने छिलकों को सूँघा और खाए बिना आगे बढ़ गया। मिर्ज़ा ग़ालिब के दोस्त ने कहा " मिर्ज़ा साहब, देखिये, गधा भी आम नहीं खाता।"
मिर्ज़ा ग़ालिब ने कहा , " बे शक, गधा आम नहीं खाता ।"

| | | | |
|---|---|---|---|
| आम m. | mangoes | तभी | right then |
| सिर्फ़ adj. | only | गधा वाला | donkey man |
| ख़ूबियाँ | qualities | उधर से | from that side |
| एक यह कि | one is this that | गुज़रना | to pass by |
| दूसरे यह कि | and second is this that | गली f. | alley |
| ज़्यादा | a lot | छिलके m.pl. | peels ; skins (of a fruit) |
| भेजना | send | सूँघना | to smell /sniff |
| बिल्कुल नहीं | not at all | खाए बिना | without eating |
| बरामदा m | veranda | आगे बढ़ जाना | to move forward/ go forward |
| बैठे थे | were sitting | बे शक | no doubt; of course |

# मिर्ज़ा ग़ालिब और शराब

मिर्ज़ा ग़ालिब की शराब नोशी के बारे में बहुत सी बातें मशहूर हैं। एक आदमी ने उनके सामने शराब की बुराई की और कहा कि शराब ख़ोर की दुआ क़ुबूल नहीं होती। मिर्ज़ा ने कहा " भाई, जिसके पास शराब है उसको और क्या चाहिये की वह दुआ माँगे।

| | |
|---|---|
| शराब नोशी (f); बातें (pl.f); मशहूर; आदमी (m) | Wine-drinking ; talks/conversations; famous; man |
| x की बुराई करना ; शराब ख़ोर (adj) ; दुआ (f); | to speak ill of X; wine-drinker; prayer/blessings |
| क़ुबूल होना ; भाई; दुआ माँगना | To be accepted; brother; to pray/ask from God |

# सआदत हसन मंटो की लघु कथाएँ

(1) http://www.pravasiduniya.com/manto-ki-five-story (2) http://www.vaniprakashan.in/authors.php?alf=S

## सआदत हसन मंटो **( 11 May 1912 – 18 January 1955)**

### संक्षिप्त परिचयः

" सआदत हसन मंटो की कहानियों की जितनी चर्चा बीते दशक में हुई है उतनी शायद उर्दू और हिंदी और शायद दुनिया की दूसरी भाषाओं के कहानीकारों की कम ही हुई है।

जैसा कि राजेंद्र यादव कहते हैं चेख़व के बाद मंटो ही थे जिन्होंने अपनी कहानियों के दम पर अपनी जगह बना ली। यानी उन्होंने कोई उपन्यास नहीं लिखा। कमलेश्वर उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ कहानीकार बताते हैं।

अपनी कहानियों में विभाजन, दंगों और सांप्रदायिकता पर जितने तीखे कटाक्ष मंटो ने किए उसे देखकर एक ओर तो आश्चर्य होता है कि कोई कहानीकार इतना साहसी और सच को सामने लाने के लिए इतना निर्मम भी हो सकता है। लेकिन दूसरी ओर यह तथ्य भी चकित करता है कि अपनी इस कोशिश में मानवीय संवेदनाओं का सूत्र लेखक के हाथों से एक क्षण के लिए भी नहीं छूटता....।"

**प्रवासी दुनिया** (http://www.pravasiduniya.com/manto-ki-five-story)

# सियाह हाशिए की लघु कथाएँ

## विनम्रता




(1)http://toanewdawn.blogspot.com/2012/08/hindutva-nothing-but-brahminic.html
(2) http://post.jagran.com/search/patna-intercity

चलती गाड़ी रोक ली गयी। जो दूसरे धर्म के थे उनको निकाल-निकालकर तलवारों और गोलियों से मार डाला गया। उससे फ़ारिग़ होकर गाड़ी के बाक़ी यात्रियों का हलवे, दूध और फलों से सत्कार किया गया। गाड़ी चलने से पहले सत्कार करने वालों के प्रबंधक ने यात्रियों को संबोधित करके कहा " भाईयो और बहनो! हमें गाड़ी के आने की सूचना बहुत देर में मिली। यही वजह है कि हम जिस तरह चाहते थे उस तरह आपकी सेवा न कर सके।

| | |
|---|---|
| नम्रता (f); चलती गाड़ी; रोक लेना; जो | humility ; Moving train; to stop; (those) who |
| दूसरा ; धर्म (m); निकाल-निकालकर; तलवार (f); गोली (f) | other; religion ; having taken out one by one; sword ; bullet |
| मार डालना; फ़ारिग़ होकर; बाक़ी; यात्री (f/m) | to kill; after becoming free from; remaining; traveler(s) |
| हलवा (m) ; दूध (m); फल (m) ; सत्कार करना ; प्रबंधक (f/m) | halva (a sweet) ; milk ; fruit (m); to treat; manager/organizer |
| संबोधित करना ; भाईयो और बहनो; सूचना (f) | to address; brothers and sisters!; information |
| देर में (adv); मिलना ; यही वजह है कि; हम जिस तरह चाहते थे | late ; to get/to be received; this is the reason that; the manner in which /like/as..... |
| चाहना; उस तरह; सेवा (f) | to want/wish; in that way/in that manner; service |

# घाटे का सौदा


दो दोस्तों ने मिलकर दस-बीस लड़कियों में से एक चुनी और बयालीस रुपये देकर उसे ख़रीद लिया।

रात गुज़ारकर एक दोस्त ने उस लड़की से पूछा : "तुम्हारा नाम क्या है? "

लड़की ने अपना नाम बताया तो वह भन्ना गया: "हमसे तो कहा गया था कि तुम दूसरे धर्म की हो...!"

लड़की ने जवाब दिया : "उसने झूठ बोला था!"

यह सुनकर वह दौड़ा-दौड़ा अपने दोस्त के पास गया और कहने लगा : "उस हरामज़ादे ने हमारे साथ धोखा किया है.....हमारे ही धर्म की लड़की थमा दी......चलो, वापस कर आएँ.....!"

(1) http://www.artchive.com/web_gallery/E/Edouard-Touraine/Caricature-of-prostitutes-with-their-clients,-from-Le-Rire,-1901.html ; (2) http://emily-adventuresinfrance.blogspot.com/

| | |
|---|---|
| घाटे का (adj.) सौदा (m.) मिलकर (conj.) | incurring loss/bad ; deal ; together, |
| दस-बीस (number) चुनना (tr.v.) बयालीस (number) | ten or twenty; to choose; forty-two. |
| रुपये (pl.m.) रात गुज़ारकर (conj.) भन्ना जाना (comp.v.) | rupees; having spent the night; to become annoyed |
| धर्म (m.) जवाब देना (conj.v.) झूठ बोलना (conj.v.) | religion ; to answer ; to tell a lie |
| दौड़ा-दौड़ा (p.adv.) हरामज़ादा (adj.curse.) | while running (to run); bastard; |
| धोखा करना (conj.v.)थमा देना(conj.v..) वापस कर आना | to deceive; to hand over; to go and return |

# सफ़ाई पसंद






(1) http://blogs.gonomad.com/traveltalesfromindia/2012/03/in-and-around-railway-stations.html
(2) http://photos.thenews.com.pk/e_image_detail.asp?picId=60796&catId=2&date=10/31/2012&dd=1&albumId=0

गाड़ी रुकी हुई थी।

तीन बन्दूक़ची एक डिब्बे के पास आए। खिड़कियों में से अंदर झाँककर उन्होंने यात्रियों से पूछा–"क्यों जनाब, कोई मुर्गा है?"

एक यात्री कुछ कहते-कहते रुक गया। बाक़ियों ने जवाब दिया–"जी नहीं।"

थोड़ी देर बाद भाले लिए हुए चार लोग आए। खिड़कियों में से अंदर झाँककर उन्होंने यात्रियों से पूछा–"क्यों जनाब, कोई मुर्गा-वुर्गा है?"

उस यात्री ने, जो पहले कुछ कहते-कहते रुक गया था, जवाब दिया–"जी मालूम नहीं...आप अंदर आके संडास में देख लीजिए।"

भालेवाले अंदर दाख़िल हुए। संडास तोड़ा गया तो उसमें से एक मुर्ग़ा निकल आया। एक भालेवाले ने कहा–"कर दो हलाल।"

दूसरे ने कहा–"नहीं, यहाँ नहीं...डिब्बा खराब हो जाएगा...बाहर ले चलो।"

| | |
|---|---|
| सफ़ाई पसंद; रुकी हुई; बन्दूक़ची (f/m); डिब्बा (m); झाँककर | clean-loving; stopped/standing; gunners ; train compartment ; peeping/looking in. |
| यात्री (m); क्यों जनाब; मुर्ग़ा (m); कहते कहते रुक जाना | traveler ; hello Sir (s); chicken ; Stop short from saying (something) |
| बाक़ियों ने (बाक़ी); भाले (pl. m); लिये हुए | the rest of/remaining; spear ; carrying/ holding |
| संडास (m); देख लीजिये ; भाले वाले (m); दाख़िल होना | toilet ; look; spearmen ; to enter |
| तोड़ा गया; निकलना; हलाल करना ; ले चलो | was broken ; to come out. to slaughter (as Muslims slaughter an animal); take someone/ something to somewhere. |

# हलाल और झटका





(1) http://blog.scotlandforanimals.org/#post137 (2) http://www.sikhanswers.com/rehat-maryada-code-of-conduct/meat-controversy-in-the-panth/

"उसने उसके गले पर छुरी रखी, हौले-हौले फेरी और उसको हलाल कर दिया।"

"यह तुमने क्या किया?"

"क्यों?"

"इसको हलाल क्यों किया?"

"मज़ा आता है इस तरह।"

"मज़ा आता है के बच्चे...तुझे झटका करना चाहिए था...इस तरह !"

और हलाल करनेवाले की गर्दन का झटका हो गया।

| | |
|---|---|
| हलाल (adj) ; झटका ; गला (m) ; छुरी (f) रखना | *halal* (meat of an animal slaughtered in a Islamic way-); *JhaTkaa*- (meat -of an animal slaughtered /chopped at one go-Sikh way); throat; knife ; to put |
| हौले-हौले ; फेरना ; हलाल करना ; मज़ा आना | slowly ; to run (i.e.a knife); to slaughter an animal in a Muslim way; to enjoy/ to have a pleasure |
| इस तरह; "मज़ा आता है" के बच्चे; झटका करना | like this/in this way; you bastard son of " I enjoy it" (mimicking the last sentence of the speaker before) ; to chop in a Sikh way |
| हलाल करने वाला ; गर्दन (f); झटका हो जाना | the man who slaughtered in Muslim way; neck ; to be chopped/cut-Sikh way |

# रिआयत

"मेरी आँखों के सामने मेरी बेटी को न मारो..."
"चलो, इसी की मान लो...कपड़े उतारकर हाँक दो एक तरफ....."

| | |
|---|---|
| रिआयत (f); X के सामने (comp.pp) ; मारना (tr.v.) | discount ; in front of X ; hit /kill |
| चलो ; इसी की मान लो (imperative.); उतारना (tr.v.) | okay/ fine; do what he says/accept him; to take off (i.e. clothes) |
| हाँक देना (comp.v.) ; एक तरफ (adv.) | to drive away/shoo (animals); on one side |

# आराम की ज़रूरत

" मरा नहीं ..... देखो, अभी जान बाक़ी है।
"रहने दो यार ..... मैं तक गया हूँ."

| | |
|---|---|
| आराम (m); ज़रूरत (f); मरना ; अभी ; जान (f) | rest/comfort ; need ; yet/still; life |
| बाक़ी होना ; रहने दो; यार ; थक जाना | to remain; leave it; buddy/friend/ dude/man; to become tired |

# हमेशा की छुट्टी

(1) http://imgarcade.com/1/cheetah-chasing-prey/ (2) http://www.outofthepastblog.com/2012/11/naked-prey-1966.html

"पकड़ लो .... पकड़ लो ...... देखो, जाने न पाये।" शिकार थोड़ी सी दौड़-धूप के बाद पकड़ लिया गया। जब भाले उसके आर पार होने के लिये आगे बढ़े तो उसने काँपती आवाज़ में गिड़गिड़ा कर कहा "मुझे न मारो ...... मुझे न मारो ....मैं छुट्टियों में अपने घर जा रहा हूँ।"


| | |
|---|---|
| हमेशा की; छुट्टी (f); पकड़ लो ; जाने न पाये | for ever; vacation/leave ; catch/grab; (he) shouldn't be let gone/don't let (him) go |
| शिकार (f/m); थोड़ी सी; दौड़-धूप (f); पकड़ लेना; जब | prey/quarry/victim ; a little bit; endeavor/ effort ; to catch; when (not question) |
| भाले (pl.m); आर पार होना; आगे बढ़ना; | spears ; to cross/go across/pierce through; move ahead |
| काँपती ; आवाज़ (f) ; गिड़गिड़ा कर ; मारना ; | trembling; voice ; entreatingly abjectly/ tearfully; to kill |

# उलाहना

"देखो यार, तुम ने ब्लैक मार्केट के दाम भी लिये और ऐसा रद्दी पेट्रौल दिया कि एक दुकान भी न जली।"

| | |
|---|---|
| उलाहना (m); देखो ; यार; ब्लैक मार्केट (f); दाम (m) | complain ; look; buddy/man; black market ; price/value |
| लेना ; ऐसा ; रद्दी ; पेट्रौल (m); दुकान (f); जलना | to take; such; worthless/scrap; gas/petrol ; store/shop ; to burn |





(1) http://www.radioaustralia.net.au/international/2012-07-31/21-jailed-for-life-in-india-over-gujarat-killings/989602 (2) http://www.bbc.com/news/world-asia-india-17176853

# दावत-ए-अमल

आग लगी तो सारा मुहल्ला जल गया ........ सिर्फ़ एक दुकान बच गयी जिसकी पेशानी पर यह बोर्ड लटक रहा था "यहाँ इमारत बनाने का सभी सामान मिलता है।"

| | |
|---|---|
| दावत-ए-अमल (f) ; आग लगना ; सारा मुहल्ला(m); जल जाना | call for action; to catch fire; whole neighborhood ; to be burned |
| दुकान(f); बच जाना ; जिसकी ; पेशानी (f); बोर्ड (m) | store/shop ; to be saved/ to escape damage; on whose/which; forehead ; board/bill board ; |
| लटकना (intr.v); इमारत बनाने का ; सभी; सामान(m); मिलना | to hang ; building making/ construction ; all; things/stuff/materials ; to be available |

# क़िस्मत

"कुछ नहीं दोस्त ......इतनी मेहनत करने पर सिर्फ़ एक बाक्स हाथ लगा था। पर उसमें भी साला सूअर का गोश्त निकला। "

| | |
|---|---|
| क़िस्मत (f); इतनी ; मेहनत (f); सिर्फ़ ; बाक्स (m); हाथ लगना | fate/luck ; so much; hard work/labor ; only ; box ; to get/to find |
| पर; उसपर भी ; साला ; सूअर (m); गोश्त (m); निकलना | but; despite that; bastard; pig ; meat ; turned out to be |

# आँखों पर चर्बी

हमारे धर्म के लोग भी कैसे हैं ..... पचास सूअर इतनी मुश्किलों के बाद तलाश करके इस मस्जिद में काटे हैं। वहाँ मंदिरों में धड़ाधड़ गाय का गोश्त बिक रहा है। लेकिन यहाँ सूअर का मांस ख़रीदने के लिये कोई आता ही नहीं।

| | |
|---|---|
| आँख (f); चर्बी ; धर्म (m); पचास ; सूअर (m); इतनी मुश्किलों के बाद | eye ; fat/tallow ; religion ; fifty; pig ; after so much difficulty |
| तलाश करके ; मस्जिद (f); काटना ; मंदिर (m); धड़ाधड़ | having searched; mosque ; to cut/ slaughter; temple ; quickly/very fast; |
| गाय (f); गोश्त (m); बिकना ; माँस (f) | cow ; meat ; to be sold; meat |

# ख़बरदार

बलवाई मालिक मकान को बड़ी मुश्किलों से घसीटकर बाहर लाए।
कपड़े झाड़कर वह उठ खड़ा हुआ और बलवाइयों से कहने लगा ।
"तुम मुझे मार डालो, लेकिन ख़बरदार, जो मेरे रुपए-पैसे को हाथ लगाया........!"

| | |
|---|---|
| ख़बरदार; बलवाई (m); मालिक मकान (m); बड़ी मुश्किल से | beware! rioters ; landlord ; with great difficulty |
| घसीटकर ; लाना ; कपड़े झाड़कर ; उठ खड़ा होना | dragging; to bring; dusting the clothes ; to get up |
| मार डालो ; रुपए-पैसे (m); हाथ लगाना | kill; money ; to take/ to lay hand on |

# सॉरी





(1) http://www.levengoodknives.com/hunters.html
(2) http://www.etsy.com/market/casual_wear/5

छुरी, पेट चीरती हुई नाभि के नीचे तक चली गई।
नाड़ा कट गया।
छुरी मारने वाले के मुँह से अचानक निकला–"च् च् च्...मिशटेक हो गया!"

| | |
|---|---|
| सॉरी; छुरी (f); पेट (m); चीरना; नाभि (f) | sorry; knife ; stomach/belly ; to rip/ tear; belly button |
| के नीचे ; तक ; चली गई; नाड़ा (m); कट जाना | underneath/below; up to; went/reached; pajama string ; to be cut |
| छुरी मारने वाला (m); ; मुँह (m); अचानक; निकलना | the knife wielder ; mouth ; suddenly; come out/ issue |
| –"च् च् च! ; मिशटेक हो जाना | Shhhhit! ; to make a mistake |

# करामात






http://www.hlswatch.com/2013/11/14/looting-or-adapting/
http://www.dailymail.co.uk/news/article-2025785/UK-riots-2011-Masked-looters-pose-haul-gadgets.html

लूटा हुआ माल बरामद करने के लिए पुलिस ने छापे मारने शुरू किए।
लोग डर के मारे लूटा हुआ माल रात के अँधेरे में बाहर फेंकने लगे, ताकि क़ानूनी गिरफ़्त से बचे रहें।
एक आदमी को बहुत दिक़्क़त पेश आई। उसके पास शक्कर की दो बोरियाँ थीं जो उसने पंसारी की दुकान से लूटी थीं। एक तो वह जूँ की तूँ रात के अँधेरे में, पास वाले कुएँ, में फेंक आया, लेकिन जब दूसरी उठाकर उसमें डालने लगा तो खुद भी साथ चला गया।
शोर सुनकर लोग इकट्ठे हो गए। कुएँ में रस्सियाँ डाली गईं। दो नौजवान नीचे उतरे और उस आदमी को बाहर निकाल लिया। लेकिन कुछ घंटों के बाद वह मर गया।
दूसरे दिन जब लोगों ने इस्तेमाल के लिए कुएँ में से पानी निकाला तो वह मीठा था।
उसी रात उस आदमी की क़ब्र पर दीए जल रहे थे।






(1) http://www.commodityonline.com/news/india-sugar-futures-at-5-month-low-on-weak-fundamentals-56387-3-56388.html ; (2) http://in.reuters.com/article/2010/05/19/idINIndia-48631320100519
(3) http://mayankg44.wordpress.com/

# करामात

| | |
|---|---|
| करामात (pl.m); लूटा हुआ (adj); माल (m); | miracles ; robbed/stolen; goods/thing/stuff |
| बरामद करना ; छापे माना ; शुरू करना | to recover ( stolen property); to raid; to begin/start |
| डर के मारे; अँधेरे में ; बाहर | out of fear; in darkness; outside/out |
| फेंकने लगना; ताकि; क़ानूनी; गिरफ़्त (f); से बचे रहना | to begin to throw away; so that; legal/of law; clutch/power/grasp ; to stay safe |
| आदमी (m); दिक़्क़त (f); पेश आना ; शक्कर (f); बोरियाँ (pl.f) | man ; difficulty ; to face; sugar ; a sack/ big bag |
| पंसारी(m); जूँ की तूँ (adj); पास वाले ; कुएँ में | grocery ; exactly the same; close by; in the well |
| फेंक आना ; दूसरी ; डालने लगना; खुद | to throw away; the second/other; to begin to put/throw; him/herself |
| साथ चला गया ; शोर (m); सुनकर ; इकट्ठे हो जाना | went along; noise ; having heard; to get together/to gather |
| रस्सियाँ (pl.f); नौजवान (adj/m/n); नीचे ; उतरना; बाहर निकालना | ropes ; youth ; down ; to descend/get down; to take out |
| घंटा (m); मर जाना ; इस्तेमाल (m); के लिए; पानी (m); | hour ; died; use ; for; water |
| मीठा (adj.); उसी रात (f); क़ब्र(f); दीए (pl.m.); जलना (intr.v) | sweet ; that very night ; grave ; lamp ; to burn/light |

# निगरानी में




(1) http://www.samaa.tv/Pakistan-ready-to-launch-military-operation-in-North-Waziristan-US-newspaper-77314-1.html
(2) http://www.indiatvnews.com/news/india/muzaffarnagar-rioters-used-sickles-sticks-countrymade-pistols-27686.html

"अ " अपने दोस्त "ब" को अपने धर्म का ज़ाहिर करके उसे स्थान पर पहुंचाने के लिये मिलिट्री की एक टुकड़ी के साथ रवाना हुआ। रास्ते में "ब" ने जिसका धर्म सावधानी के लिये बदल दिया गया था, मिलिट्री वालों से पूछा " क्यों जनाब, आस पास कोई घटना तो नहीं?"

जवाब मिला " कोई ख़ास नहीं ....... फ़लाँ मुहल्ले में अलबत्ता एक कुत्ता मारा गया। "

डरकर "ब" ने पूछा "कोई और ख़बर?"

जवाब मिला "ख़ास नहीं ........ नहर में तीन कुत्तियों की लाशें मिलीं।"

"अ" ने "ब" की ख़ातिर मिलिट्री वालों से कहा, " मिलिट्री कुछ इंतज़ाम नहीं करती? "

जवाब मिला " क्यों नहीं .......सब काम उसी की निगरानी में होता है।"

| | |
|---|---|
| निगरानी में ; "A" ; "B" ; अपने धर्म का | in supervison; "A" ; "B" ; coreligionist |
| ज़ाहिर करके ; स्थान (m); पहुंचाना; मिलिट्री की टुकड़ी (f) | showing as/ pretending to be ; place ; to take to/deliver; a military unit |
| रवाना होना ; रास्ते में ; धर्म (m); सावधानी के लिये (adv) ; बदल देना | to depart/set out ; on the way; religion ; for caution/prudence ; to change |
| क्यों जनाब; आस पास ; घटना (f); तो नहीं | hello sir; near by; event/incident ; I hope not |
| जवाब मिलना ; ख़ास नहीं ; नहर (f); कुत्तियाँ (pl.f.) ; लाशें (pl.f.) | to get an answer; not special/ not anything big; canal ; bitches ; corpses |
| की ख़ातिर; इंतज़ाम करना ; क्यों नहीं ; सब काम | for the sake of; to arrange; why not; everything |

# जेली




http://rmarsh.cs.und.edu/ABOUTME/TRAVEL/IndiaTrip/TRAVEL.HTML

सुबह छह बजे पेट्रौल पम्प के पास हाथ-गाड़ी में बर्फ़ बेचने वाले को छुरा घोंप दिया गया है। सात बजे तक उसकी लाश तारकोल वाली सड़क पर पड़ी रही और उसपर बर्फ़ पानी बन-बनकर गिरती रही।

सवा सात बजे पुलिस लाश उठाकर ले गयी। बर्फ़ और खून वहीं सड़क पर पड़े रहे।

एक तांगा पास से गुज़रा। बच्चे ने सड़क पर जीते-जीते खून के जमे हुए चमकीले लोथड़े की तरफ़ देखा। उसके मुँह में पानी भर आया। अपनी माँ का बाज़ू खींच कर बच्चे ने उंगली से उस तरफ़ इशारा किया----- "देखो, मम्मी, जेली।"



http://www.polyvore.com/pbj_jelly_spilled_on_floor/thing?id=66818040

# जेली

| | |
|---|---|
| जेली (f) ; सुबह (f); छह बजे ; पेट्रौल पम्प (m); हाथ-गाड़ी (f) ; बर्फ़ (f) | jelly ; morning ; six o' clock; petrol pump ; cart ; ice/snow |
| बेचने वाला (m) ; छुरा (m) ; घोंप देना ; लाश (f); तारकोल (f) ; सड़क (f) | seller ; knife ; to stab; dead body ; tar ; street |
| पड़ी रहना; पानी बनना ; गिरना ; सवा सात बजे ; पुलिस (f) | to remain lying; to become/melt into water; to fall down; quarter past seven; police |
| उठाना ; ले जाना ; खून (m) वहीं; तांगा (m) पास से | to pick up; to take away; blood ; right there; tonga ; from close by |
| गुज़रना ; जीते-जीते (adj) ; जमे हुए (adj); चमकीले (adj) | to pass by; living/alive ; frozen/congealed; shining/glowing |
| लोथड़ा (m) ; की तरफ़ ; मुँह में पानी भर आ ना ; माँ (f) | congealed/thick blood ; toward; mouth to be filled with water; mother |
| बाज़ू (m); खींच कर ; उंगली (f); उस तरफ़; इशारा करना | arm ; having pulled ; finger ; in that direction; to indicate |

# सुधार



http://www.frontline.in/navigation/?type=static&page=flonnet&rdurl=fl2701/stories/20100115270106500.htm

"कौन हो तुम?"
"तुम कौन हो?"
"हर-हर महादेव......... हर-हर महादेव!"
"हर-हर महादेव!"
"सुबूत क्या है?"
"सुबूत.......? मेरा नाम धरमचंद है।"
"यह कोई सुबूत नहीं।"
"चारों वेदों में से कोई भी बात मुझसे पूछ लो।"
"हम वेदों को नहीं जानते...सुबूत दो।"
"क्या?"
"पायजामा ढीला करो।"
पायजामा ढीला हुआ तो एक शोर मच गया–"मार डालो...मार डालो..."
"ठहरो...ठहरो...मैं तुम्हारा भाई हूँ.......भगवान की कसम, तुम्हारा भाई हूँ।"

"तो यह क्या सिलसिला है?"
"जिस इलाक़े से मैं आ रहा हूँ, वह हमारे दुश्मनों का था, इसलिए मज़बूरन मुझे ऐसा करना पड़ा...... सिर्फ अपनी जान बचाने के लिए......एक यही चीज़ ग़लत हो गई है, बाक़ी बिल्कुल ठीक हू।"
"उड़ा दो ग़लती को !"
ग़लती उड़ा दी गई ...... धरमचंद भी साथ ही उड़ गया।

# सुधार

| | |
|---|---|
| सुधार (m) ; हर-हर महादेव ; | correction ; *Har Har Mahadev* (slogan often used by Hindu extremists when they show eagerness to fight or attack other community) |
| सुबूत (m) ; धरमचंद (m) ; चारों ; वेद (m) | evidence/proof ; Dharam Chand (a Hindu male name); all four; Veda (Hindu scripture) |
| कोई भी बात (f) ; पूछ लो ; पायजामा (m) ; ढीला करो | anything/any matter; ask (me); pajama ; loosen /untie |
| शोर मच जाना ; मार डालो ; ठहरो ; भगवान की क़सम ; सिलसिला (m) | starting of a noise/commotion/din; kill; wait/stop; I swear to God; (here:- matter |
| इलाक़ा (m) ; दुश्मन (m/f) ; इसलिए; मज़बूरन (adv.) ; ऐसा ; जान (f) | region ; enemy ; therefore; out of compulsion; this/such; life |
| बचाने के लिए; एक यही चीज़ (f); ग़लत हो जाना ; बाक़ी | in order to save; only this thing ; to go wrong; rest/remaining |
| बिल्कुल ; ठीक होना ; उड़ा दो; साथ ही ; उड़ जाना | absolutely/totally; to be right/fine/okay; remove/ cut/get rid of (imperative); simultaneously; to be remnoved/fly away/die |

# उचित कारवाई



http://www.asianews.it/news-en/The-daily-persecution-of-Orissa%E2%80%99s-Christians-19939.html

जब हमला हुआ तो मुहल्ले में से अल्पसंख्यकों के कुछ आदमी तो क़त्ल हो गये। जो बाक़ी थे जानें बचाकर भाग निकले। एक आदमी और उसकी पत्नी अलबत्ता अपने घर के तहख़ाने में छुप गये।

दो दिन और दो रातें छुपे हुए पति-पत्नी ने हत्यारों के आने की आशंका में गुज़ार दीं। मगर कोई न आया।

चार दिन बीत गये। पति-पत्नी को ज़िंदगी और मौत से कोई दिलचस्पी न रही। दोनों पनागाह से बाहर निकल आये।

पति ने बड़ी कमज़ोर आवाज़ में लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया और कहा "हम दोनों अपने आपको तुम्हारे हवाले करते हैं ....... हमें मार डालो। "

जिनको आकर्षित किया गया था वे सोच में पड़ गये। "हमारे धर्म में तो जीव हत्या पाप है। "

वे सब जैनी थे। लेकिन उन्होंने आपस में सलाह की और पति-पत्नी को उचित कारवाई के लिये दूसरे मुहल्ले के आदमियों के सिपुर्द कर दिया।




(1) http://www.tribuneindia.com/2006/20060908/jplus.htm (2)
(2) http://www.eteksciki.info/videos/acharya+vidyasagar+ji+maharaj

# उचित कारवाई

| | |
|---|---|
| उचित ; कारवाई(f) ; जब ; हमला (m) ; मुहल्ला (m) ; अल्पसंख्यक (adj) | appropriate; proceedings/action ; when; attackm; neighborhood ; minority (community) |
| क़त्ल होना ; बाक़ी ; जानें बचाकर; भाग निकलना ; पत्नी (f) | to be killed; remaining; saving the lives; run away; wife |
| अलबत्ता ; तहख़ाना (m) छुप जाना ; छुपे हुए; पति-पत्नी (m) | however; basement ; to hide; hidden ; husband wife |
| हत्यारा (m) ; आशंका (f) ; गुज़ार देना; कोई न | Killer ; fear/apprehension; coming/arrival ; to pass (time); but; no one; |
| बीत जाना ; ज़िंदगी (f) ; मौत (f) ; से कोई दिलचस्पी न रहना ; दोनों | pass (time); life ; death ; to have no interest in; both |
| पनागाह (f) ; बाहर; निकल आना ; पति (m) ; बड़ी ; कमज़ोर (adj) | place of refuge ; out/outside; to come out; husband ; very; weak |
| आवाज़ (f) ; लोगों को ; अपनी ओर ; आकर्षित करना; अपने आपको | voice ; to people; towards himself; to draw attention; to ourselves |
| हवाले करना ; मार डालो; जिनको ; सोच में पड़ जाना ; धर्म (m) | handover; kill (imperative); to whom; to start thinking; religion |
| जीव हत्या (f) ; पाप (adj) ; जैनी (adj) ; आपस में ; सलाह करना ; उचित कारवाई ; सिपुर्द करना | killing a life ; sin ; Jain (religious community); with each other/mutually; to consult/advise; appropriate action; to handover |

# पठानिस्तान

" खू , एकदम जल्दी बोलो , तुम कोन ए?"
"मैं ........मैं .....
"खू , शैतान का बच्चा! जल्दी बोलो ........"
"इन्दू ए या मुस्लमीन?"
"मुस्लमीन।"
"खू, तुमारा रसूल कोन ए?"
"मोहम्मद ख़ान।"
"टीक ए, जाओ।"

| | |
|---|---|
| पठानिस्तान (m) ; खू ; एकदम ; जल्दी ; बोलो; तुम कोन ए? | land of Pathans (Afghans); hey (?); fast; quick; speak (imperative); who is you? |
| शैतान का बच्चा (m) ; इन्दू (adj/m/f) ; ए ; या ; मुस्लमीन (pl.m) | son of Satan (curse); Hindu; is; or ; Muslims |
| तुमारा ; रसूल (m) मोहम्मद ख़ान (name) ; टीक ए | your; Messenger of God; Mohammad Khan; it's alright |

# बेख़बरी का फ़ायदा







(1) http://www.nocaptionneeded.com/2013/05/the-rhetoric-of-prize-winning-photographs/
(2) http://gobeyondblog.com/2013/07/18/the-man-from-paradise/
(3) http://www.christiangunowner.com/357homedefense.html

लबलबी दबी ------- पिस्तौल से झुँझलाकर गोली बाहर निकली। खिड़की में से बाहर झाँकनेवाला आदमी उसी जगह दोहरा हो गया।

लबलबी थोड़ी देर के बाद फ़िर दबी ----- दूसरी गोली भिनभिनाती हुई बाहर निकली।
सड़क पर माशकी की मश्क फटी। औंधे मुँह गिरा और उसका लहू मश्क के पानी में हल होकर बहने लगा।

लबलबी तीसरी बार दबी ------- निशाना चूक गया, गोली एक गीली दीवार में जज़्ब हो गई।

चौथी गोली एक बूढ़ी औरत की पीठ में लगी------- वह चीख़ भी न सकी और वहीं ढेर हो गई।

पाँचवी और छठी गोली बेकार गई। कोई हलाक हुआ न ज़ख़्मी।

गोलियाँ चलाने वाला भन्ना गया। अचानक सड़क पर एक छोटा-सा बच्चा दौड़ता हुआ दिखाई दिया। गोलियाँ चलानेवाले ने पिस्तौल का मुहँ उसकी तरफ़ मोड़ा।

उसके साथी ने कहा : “यह क्या करते हो?”

Page 72

गोलियां चलानेवाले ने पूछा : "क्यों?"
"गोलियां तो ख़त्म हो चुकी हैं!"
"तुम ख़ामोश रहो....इतने-से बच्चे को क्या मालूम?"

## बेख़बरी का फ़ायदा

| | |
|---|---|
| बेख़बरी (f) ; फ़ायदा (m) ; लबलबी (f) ; दबना ; पिस्तौल(m) ; झुँझलाकर | unawareness/ignorance ; benefit/advantage ; trigger ; to be pressed; pistol ; getting annoyed |
| गोली (m) ; बाहर निकलना ; खिड़की(f) ; झाँकनेवाला आदमी (m) ; उसी जगह (f) | bullet ; come out; window ; peeping man ; right there |
| दोहरा होना ; दूसरी गोली(f) ; भिनभिनाती हुई ; सड़क (m) | to double over/bend; the other bullet ; buzzing/ringing /humming; street |
| माशकी (m) ; मश्क (f) ; फटना; औंधे मुँह; गिरना ; लहू (m) | man who supplied water with a leather bag in house ; a leather water-bag ; to burst/to be ripped; face down ; fall down; blood |
| हल होना ; बहने लगना ; तीसरी बार ; निशाना (m) ; चूकना | to dissolve (as salt in liquid) ; started flowing; third time; aim/target ; to miss (i.e. a target) |
| गीली दीवार (f) ; जज़्ब हो जाना ; चौथी; बूढ़ी औरत (f) ; गोली लगना | wet wall ; to be absorbed; fourth; old woman ; to be hit by a bullet |
| पीठ (f) ; चीख़ सकना ; वहीं ; ढेर हो जाना; पाँचवी ; छठी | back (of the body) ; to be able to scream; right there; to collapse/become a heap; fift; sixth |
| बेकार जाना ; हलाक होना ; ज़ख़्मी होना ; गोलियाँ चलाने वाला (m) | to be wasted; to die; to be injured; the shooter |
| भन्ना जाना ; अचानक; बच्चा (m) ; दौड़ता हुआ; दिखाई देना ; पिस्तौल (m) | to become annoyed; suddenly; child; running; to be seen/spotted; pistol |
| मुहँ (m) ; उसकी तरफ़ ; मोड़ना ; साथी (m/f) | direction/face ; in that direction; to turn; companion ; |
| ख़त्म हो चुकना; ख़ामोश रहो ; इतना सा बच्चा (m) | to run out/finished ; shut up; such a little child; what does he know! |

# हैवानियत



http://animalstime.com/what-leopards-eat-leopards-diet/

बड़ी मुश्किल से पति-पत्नी  घर का थोड़ा-सा सामान बचाने में कामयाब हुए । जवान लड़की थी। उसका कोई पता न चला। छोटी-सी बच्ची थी। उसको माँ ने अपने सीने के साथ चिमटाए रखा। एक भूरी भैंस थी। उसको बलवाई हाँककर ले गए। गाय बच गई, मगर बछड़ा न मिला।

पति-पत्नी , उनकी छोटी लड़की और गाय एक जगह छुपे हुए थे। सख़्त अँधेरी रात थी।बच्ची ने डरकर रोना शुरू किया तो ख़ामोश वातावरण में जैसे कोई ढोल पीटने लगा। माँ ने डरकर बच्ची के मुँह पर हाथ रख दिया, कि दुश्मन सुन न ले। आवाज़ दब गई। सावधानी के तौर पर बाप ने बच्ची के ऊपर गाढ़े की मोटी चादर डाल दी।

थोड़ी देर के के बाद दूर से किसी बछड़े की आवाज़ आई। गाय के कान खड़े हो गए। उठी और पागलों की तरह दौड़ती हुई डकराने लगी। उसको चुप कराने की बहुत कोशिश की गई, मगर बेकार...

शोर सुनकर दुश्मन आ पहुँचा। दूर से मशालों की रोशनी दिखाई दी ।
पत्नी ने अपने पति से बड़े गुस्से के साथ कहा–"तुम क्यों इस हैवान को अपने साथ ले आए थे?"

# हैवानियत

| | |
|---|---|
| हैवानियत (f) ; बड़ी मुश्किल से ; पति-पत्नी(m) ; थोड़ा-सा | animal nature/bestiality/brutality; with great difficulty; husband-wife ; a little bit/ small/ meager |
| सामान (m) ; बचाना ; कामयाब हो जाना ; जवान लड़की(f) ; का पता न चलना | property/assets/things ; to save; to be successful; youthful girl ; to have no knowledge of the whereabouts |
| सीने के साथ ; चिमटाए रखना ; भूरी ; भैंस (f) | with the chest; keep pressed against; brown; water buffalo |
| बलवाई (m) ; हाँककर ले जाना; गाय (f) ; बच जाना ; बछड़ा (m) | Rioters ; to drive away (animal); cow ; to remain/left/saved; calf |
| एक जगह (f) ; छुपे हुए थे; सख़्त ; अँधेरी ; डरकर; रोना | at one place; were hidden; very much; dark ; getting frightened ; to cry |
| ख़ामोश ; वातावरण (m) ; जैसे ढोल पीटना ; डरना; हाथ (m) | silent; environment ; as though; to beat a drum; to be frightened; hand |
| दुश्मन (m/f) ; सुन न ले; आवाज़ (f) ; दब जाना; सावधानी के तौर पर (adv) ; बाप (m) | enemy ; hope (he) does not hear; voice to be subdued; as a precaution ; father |
| के ऊपर ; गाढ़े की ; मोटी ; चादर (m) ; डाल देना; दूर से | on top of/over; made of a kind of coarse cloth; thick; sheet ; to put/spread; from a distance |
| किसी ; बछड़ा (m) ; कान खड़े हो जाना ; उठना; पागलों की तरह | a/any; calf ; to prick the ear; to get up; crazily; |
| दौड़ती हुई ; डकराने लगी; चुप कराना ; बेकार; शोर सुनकर | while running; began to bellow/low; to make silent; useless /in vain; having heard the noise |
| दुश्मन(m/f) ; आ पहुँचना ; मशाल (f) ; रोशनी (f) ; दिखाई देना | enemy; arrive; torches ; light ; to be seen/visible |
| बड़े गुस्से के साथ; हैवान (m/f) ; अपने साथ ; ले आना | with great anger; animal; along with you; to bring |

# साम्यवाद

वह अपने घर का तमाम ज़रूरी सामान एक ट्रक में लदवाकर दूसरे शहर जा रहा था, कि रास्ते में लोगों ने उसे रोक लिया। एक ने ट्रक के माल-असबाब पर लालचभरी नज़र डालते हुए कहा "देखो यार, किस मज़े से इतना माल अकेला उड़ाए चला जा रहा है!"

असबाब के मालिक ने मुस्कराकर कहा–"जनाब, यह माल मेरा अपना है।"

दो-तीन आदमी हँसे–"हम सब जानते हैं।"

एक आदमी चिल्लाया–"लूट लो...यह अमीर आदमी है...ट्रक लेकर चोरियाँ करता है...!"





(1) http://article.wn.com/view/2014/01/30/Truck_driver_looted/
(2) http://tea-and-carpets.blogspot.com/2012/10/new-era-afghan-rugs-from-ikat-to-suzani.html

| | |
|---|---|
| साम्यवाद ;ट्रक ; सामान ; ज़रूरी ; तमाम ; लादकर | socialism ; all; necessary; goods/things ; truck ; having gotten loaded |
| रास्ते में रोक लेना ;; माल लालचभरी ;असबाब- | on the way; to stop; goods and things ; greedily/full of greed; |
| नज़र डालना ;देखो यार ; किस मज़े से ;इतना ; माल | to look/throw a glance; hey man look; how easily; so much; goods |
| अकेला ; मालिक ;असबाब ;उड़ाए चला जाना ; मुस्कराकर | alone/ by himslef; to get away with it; things ; owner ; with a smile |
| जनाब ; मेरा अपना हँसना ; तीन-दो ; ; जानना ; चिल्लाना | sir; my own; two or three; to laugh; to know; to shout/scream/yell |
| लूट लो; अमीर आदमी; ट्रक लेकर; चोरियाँ करना | plunder/take it; rich man ; with a truck; do stealing/steal |

# खाद



http://alpacasofmontana.blogspot.com/2012/10/composting-alpaca-manure.html

उसकी आत्महत्या पर उसके एक दोस्त ने कहा, " बहुत ही बेवक़ूफ़ था जी। मैंने लाख समझाया कि देखो, अगर तुम्हारे केश काट दिये हैं, और तुम्हारी दाढ़ी मूंढ दी है, तो इसका यह मतलब नहीं कि तुम्हारा धर्म ख़त्म होगया ..... रोज़ दही इस्तेमाल करो। वाहे गुरुजी ने चाहा तो एक ही वर्ष में तुम फिर वैसे के वैसे हो जाओगे।





(1) http://globalvisiontours.com/india/pilgrimage/sikh/gurudwara-bangla-sahib.aspx
(2) http://www.answers.com/topic/sikh

| | |
|---|---|
| खाद (f); आत्महत्या (f); बहुत ही ; बेवक़ूफ़; जी ; लाख | manures ; suicide ; really/big; fool ; sir/man; a hundred thousand times /very much |
| समझाना ; केश (m); ; काट देना ; दाढ़ी (f); मूंढ देना; मतलब (m); | to explain; hair ; to cut; beard ; shave; meaning (m) |
| धर्म (m); ख़त्म हो जाना ; रोज़ ; दही (m); इस्तेमाल करना ; वाहे गुरुजी | religion ; to end/be destroyed/ beruined; everyday; yoghurt ; to use; *Waahe Guruji* (for Sikhs) |
| चाहना ; एक ही वर्ष में ; वैसे के वैसे हो जाना | to wish/desire ; just one; year (m); to become the same/just like old |